हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, सोमवार, 22 सितंबर 2025 | अंक 338/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-






हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
BCN GROUP
RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, सोमवार, 22 सितंबर 2025 | अंक 338/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-


## शिवशंकर आयुर्वेदिक
**क्या आप जोड़े के दर्द से परेशान हो ?**
• जोड़ों का दर्द • गठिवावात • सन्धिशोथ • सरवाइकल पेन पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।
तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।
नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.
फोन 9112079000 / 8605245080
आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# जीएसटी रिफॉर्म, स्वदेशी अभियान और 'नागरिक देव भव:' का मंत्र

## पीएम मोदी ने रखा नए और आत्मनिर्भर भारत का ब्लू प्रिंट, 'आज से देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है', बोले पीएम मोदी



**नई दिल्ली.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार शाम को दिए राष्ट्र के नाम संबोधन में एक नए, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण का रोडमैप पेश किया. इस संबोधन में आर्थिक सुधारों के साथ-साथ स्वदेशी अभियान और नागरिकों की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया.

उनका यह संबोधन स्वदेशी के प्रति जन-चेतना, नागरिकों की भूमिका और सामाजिक समर्पण की भावना पर एक बड़ा संदेश रहा. प्रधानमंत्री ने जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) में नए सुधारों का फायदे गिनवाए. नए नेक्ट्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारों को 'जीएसटी बचत महोत्सव' कहा गया. इसके तहत सोमवार से देश में दो टैक्स स्लैब लागू कर दी जाएंगी, जिससे वस्तुएं और सेवाएं सस्ती होंगी, गरीब और मिडिल क्लास को इससे बड़ी राहत मिलेगी. उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में जीएसटी और आयकर में छूट के कारण देशवासियों को लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई, जिससे बाजार में उपभोक्ता विश्वास और मांग दोनों बढ़े हैं.

पीएम मोदी ने स्वदेशी खरीदने का अपील करते हुए कहा कि हम सभी को उन्हीं वस्तुओं को खरीदना चाहिए जिनमें भारत की मेहनत और पसीना शामिल हो. उन्होंने संदेश दिया, 'गर्व से कहो मैं स्वदेशी खरीदता हूं, मैं स्वदेशी बेचता हूं.' उन्होंने राज्य सरकारों से भी स्वदेशी उत्पादन और निवेश को बढ़ावा देने की अपील की, ताकि आत्मनिर्भर भारत अभियान को और मजबूती मिल सके. नागरिक देवो भवः पीएम मोदी ने नागरिक देवो भवः की बात कही. नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म में आम नागरिक को बड़ी बचत होने जा रही है.

पीएम के अनुसार सरकार की कोशिश है कि देश के आम नागरिकों को मजबूत बनाया जाए, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को वे सभी आगे ले जा सकें.' लघु उद्योगों को कुटीर उद्योगों को होगा फायदा, पीएम ने बताया कि जीएसटी की दरें कम होने से, नियम और प्रक्रियाएं और आसान बनने से हमारे एमएसई, लघु को कुटीर उद्योगों को बहुत फायदा होगा. बिक्री बढ़ेगी और टैक्स भी कम देना पड़ेगा. यानि उनको भी डबल फायदा होगा.

स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा, पीएम मोदी ने अपने संबोधन में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दिया. उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता को जैसे स्वदेशी के मंत्र से ताकत मिली, वैसे ही देश की समृद्धि को भी स्वदेशी के मंत्र से ही शक्ति मिली है.

पीएम मोदी ने हर घर को स्वदेशी का प्रतीक और हर दुकान को स्वदेशी से सजाने की बात कही. केंद्र और राज्य को मिलकर करना होगा काम, पीएम मोदी ने अपने संबोधन में केंद्र और राज्य को मिलकर काम करने की बात कही.

उन्होंने कहा कि जब केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे, आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा होगा. भारत का हर राज्य विकसित होगा, भारत विकसित होगा. संयुक्त प्रयास से देश का विकास, नवरात्रि के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री ने हर भारतवासी से स्वदेशी अपनाने और देश की प्रगति में योगदान देने की अपील की. उनका मानना है कि केंद्र, राज्य, किसान, व्यापारी, युवा और नागरिक मिलकर ही आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत बना सकते हैं.

लोगों को होगी 2.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बचत. पीएम ने बताया कि इस रिफार्म की वजह से देशवासियों के 2.5 लाख करोड़ रुपये बचेंगे. पीएम के अनुसार, अगर इनकम टैक्स में छूट और जीएसटी में छूट को जोड़ दें तो 1 साल में जो निर्णय हुए हैं, उससे देश के लोगों को 2.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बचत होगी.

भारत की ग्रोथ में आएगी तेजी, पीएम के अनुसार रिफॉर्म भारत की ग्रोथ स्टोरी को एक्सेलरेट करेंगे. कारोबार के साथ निवेश को और आकर्षक बनाएंगे. साथ ही हर राज्य को विकास की दौड़ में बराबरी का साथी बनाएंगे.

### भविष्य के सपनों के लिए जीएसटी रिफॉर्म्स जरूरी

पीएम ने बताया कि वर्तमान जरूरतों को और भविष्य के सपनों को देखते हुए जीएसटी के ये नए रिफॉर्म्स लागू हो रहे हैं. नए स्वरूप में मुख्य रूप से इसका बजट सिर्फ 5% और 18% के ही टैक्स लैब रखा गया. इसका मतलब है रोजमर्रा के इस्तेमाल की ज्यादातर चीजें और सस्ती हो जाएंगी. खाने-पीने का सामान, दवाइयां, साबुन, ब्रश, पेस्ट, स्वास्थ्य और जीवन बीमा ऐसे अनेकों सामान अनेकों सेवाएं या तो टैक्स फ्री होंगी या फिर केवल 5% टैक्स देना होगा, जिन सामानों पर पहले 12% टैक्स लगा करता था, उसमें से 99% यानी करीब-करीब 100 के निकट, 99% चीजें अब 5% टैक्स के दायरे में आ गई हैं.

### जीएसटी में कमी को लेकर दुकानदार भी खुश

जीएसटी रिफॉर्म का फायदा सीधे ग्राहकों तक पहुंचे, इसके लिए कई कंपनिया काम कर रही हैं. ऑटो सेक्टर की बात करें तो कई बड़ी कार और बाइक निर्माताओं ने रेट्स में कटौती का ऐलान कर दिया है. इसके अलावा कई दुकानदार भी कटौती के फायदे की जानकारी ग्राहकों को दे रहे हैं. इस पर पीएम ने कहा कि इस बात की खुशी है कि दुकानदार भाई-बहन भी जीएसटी रिफॉर्म को लेकर बहुत उत्साह में है. वो बहुत जीएसटी में हुई कटौती को ग्राहकों तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं.

### देश दर्जनों टैक्सों के जाल से हुआ मुक्त

पीएम मोदी ने कहा कि जीसएटी की वजह से कई तरह के टैक्सों से राहत मिली है. पीएम बोले, "दशकों तक हमारे देश की जनता आप सभी लोग देश के व्यापारी अलग-अलग टैक्स के जाल में उलझे हुए थे. ऑक्ट्रोय, एंट्री टैक्स, सेल टैक्स, एक्साइज, वैट, सर्विस टैक्स, न जाने भांति-भांति के दर्जनों टैक्स हमारे देश में थे. इन सभी से जीएसटी ने देश की जनता को राहत दी है."

### नागरिक देवो भव: का दिया मंत्र

❍ प्रधानमंत्री ने गांधी के 'नागरिक देवो भवः' के मंत्र को दोहराते हुए कहा कि नागरिक देश के देवता हैं. टैक्स सुधार और सरकारी योजनाओं से मिली सहायता से पिछले 11 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं. अब नियो-मिडिल क्लास देश की प्रोग्रेस में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है. सरकार की नीतियां गरीब, किसान, महिलाओं और मध्यम वर्ग के सपनों को नई उड़ान दे रही हैं.

### आत्मनिर्भर भारत का विजन

❍ पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र और राज्य मिलकर स्वदेशी सोच को अपनाएं तो भारत विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बडञेगा. उनका आत्मनिर्भर भारत का ब्लूप्रिंट 'जीएसटी बचत', 'स्वदेशी उत्पादन' और 'नागरिक सशक्तिकरण' के माध्यम से एक समृद्ध भारत की कल्पना करता है.

### जीएसटी बचत उत्सव का आगाज

❍ पीएम मोदी ने कहा कि जीएसटी 2.0 के साथ ही देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो रही है. देश के आम नागरिकों की बचत बढ़ेगी, जिससे वो अपनी पसंद की चीजों को और आसानी से खरीद पाएंगे. त्यौहारों के इस मौसम में सभी वर्गों को बचत उत्सव का फायदा होगा.


# सुपर-4 की जंग में भारत ने पाक को दी करारी शिकस्त



**दुबई.** एशिया कप 2025 के सुपर-4 की जंग में भी टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 6 विकेट से पटखनी दी. ग्रुप मुकाबले में भारत ने 7 विकेट से जीत हासिल की थी. पाकिस्तान की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए भारत के सामने 172 रनों का लक्ष्य रखा था. इसके जवाब में उतरी भारतीय टीम ने 19वें ओवर में ही जीत हासिल कर ली. अभिषेक शर्मा ने 39 गेंद में 74 रनों की तूफानी पारी खेली. गिल फिफ्टी से चूक गए. वह 47 रन बनाकर आउट हुए. लेकिन दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हुई. भारत की खराब फील्डिंग देखने को मिली और 4 आसान कैच भारतीय फील्डर्स ने टपकाए. बुमराह ने 4 ओवर में 45 रन लुटाए. इस मुकाबले के लिए बुमराह और वरुण चक्रवर्ती की वापसी हुई है. अर्शदीप और हर्षित राणा बाहर हुए हैं. पाक टीम में भी दो बदलाव हुए हैं. 172 रनों के जवाब में गिल और अभिषेक शर्मा बतौर सलामी बल्लेबाज उतरे. अभिषेक ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा. पहले ओवर में शाहीन ने 9 रन दिए. लेकिन इसके बाद भारतीय ओपनर्स ने पाकिस्तानी गेंदबाजों को आड़े हाथों लिया. दोनों ओर से छक्के-चौकों की बरसात हुई. 5 ओवर में भारत का स्कोर 55-0 था. 9वें ओवर में ही भारत का शतक पूरा हो गया. अभिषेक ने महज 24 गेंदों पर फिफ्टी लगाई. लेकिन 10वें ओवर में टीम इंडिया को पहला झटका लगा जब गिल 47 रन बनाकर आउट हुए. लेकिन कप्तान सूर्या अपना खाता नहीं खोल सके और 11वें ओवर में आउट हो गए. 13वें ओवर में भारत को तीसरा झटका लगा जब अभिषेक 74 रन बनाकर आउट हुए. अभिषेक ने अपनी पारी में 5 छक्के और 6 चौके लगाए. इसके बाद तिलक-सैमसन ने पारी को संभालने की कोशिश की. लेकिन 17वें ओवर में भारत को चौथा झटका लगा, जब सैमसन 13 रन बनाकर आउट हुए. पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी पाकिस्तान के लिए पारी का आगाज फखर जमां और फरहान ने किया. पहले ही ओवर में अभिषेक शर्मा ने फरहान का आसान कैच छोड़ दिया. पहले ओवर में पाकिस्तान ने 6 रन बनाए. लेकिन हार्दिक जब अपने खाते का दूसरा और मैच का तीसरा ओवर लेकर आए तो उन्होंने फखर जमां को आउट कर दिया. फखर 15 रन बनाकर आउट हो गए. संजू ने शानदार कैच लपका. फखर के आउट होने के बाद सैम अयूब बल्लेबाजी के लिए आए.

# '120 बहादुर' फिल्म विवाद!

## अहीरों ने हाईवे जाम कर फरहान से नाम बदलने की मांग की




**नई दिल्ली.**

फरहान अख्तर की आगामी फिल्म '120 बहादुर' के नाम को लेकर गुरुग्राम में विवाद गहरा गया है। अहीर समुदाय ने फिल्म का नाम बदलकर '120 वीर अहीर' करने की मांग को लेकर नेशनल हाईवे-48 पर खेड़की दौला टोल के पास प्रदर्शन किया और सड़क जाम कर दी। इस जाम के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और हाईवे पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। विवाद की शुरुआत तब हुई जब अहीर समुदाय के नेताओं ने फिल्म के नाम पर आपत्ति जताई। उनका कहना है कि '120 बहादुर' नाम उनकी वीरता और इतिहास को सही ढंग से प्रदर्शित नहीं करता। समुदाय का मानना है कि फिल्म में अहीर रेजिमेंट के 120 सैनिकों की 1897 की सारागढ़ी की लड़ाई की कहानी दिखाई जा रही है, इसलिए फिल्म का नाम '120 वीर अहीर' होना चाहिए।

इस मांग को लेकर अहीर नेताओं ने पहले भी फरहान अख्तर और फिल्म के निर्देशक को कई बार चेतावनी दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर समुदाय ने कड़ा रुख अपनाया।

इसी कड़ी में रविवार को खेड़की दौला टोल प्लाजा के पास 200 गांवों की एक महापंचायत बुलाई गई। इस महापंचायत में बड़ी संख्या में अहीर समुदाय के लोग शामिल हुए। महापंचायत में सर्वसम्मति से नेशनल हाईवे जाम करने का फैसला लिया गया, जिसके बाद अहीर समाज के लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। इस दौरान '120 वीर अहीर' के नारे गूंजे और समुदाय ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों ने बाद में एसडीएम मानेसर दर्शन सिंह को राष्ट्रपति के नाम एक लिखित ज्ञापन दिया। करीब दो बजे सभी लोग टोल पर से उठकर महापंचायत ग्राउंड की तरफ चले गए। खेड़की दौला टोल प्लाजा के नजदीक अहीर रेजीमेंट धरना स्थल पर सुबह लगभग 11 बजे महापंचायत की गई। जिसमें आसपास के गांव के व दूसरे जिलों के व्यक्ति शामिल हुए।

फिल्म 120 बहादुर के संदर्भ में सभी ने विचार विमर्श करके बताया कि रेजांगला में 114 अहीर शहीद हुए थे यह फिल्म वीर अहीर के नाम पर बननी चाहिए थी। लोगों ने कहा कि यह फिल्म रेजांगला में शहीद हुए अहीरों पर पूरा फोकस डाले और फिल्म का नाम भी वीर अहीर के नाम हो। महापंचायत में करीब 700 लोग रहे। इसमें कर्नल चंदूलाल (सभा अध्यक्ष), टीसी राव, कंवरलाल, श्योचंद, अरुण यादव, रवि यादव पार्षद, सतीश पार्षद, बलबीर मास्टर, नारायण सिंह, अजीत जिला अध्यक्ष (मानेसर) रहे। महापंचायत के बाद में फरहान अख्तर का पुतला टोल प्लाजा के पास फूंका गया। कुछ समय के लिए टोल प्लाजा की 3-4 लाइन बंद कर दी गईं।

# पेरू में गेन झेड प्रदर्शनकारियों की लीमा में पुलिस से झड़प




**लीमा.**

नेपाल की ही तरह पेरू में भी युवा सड़क पर उतरकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. दोनों ही जगहों पर विरोध प्रदर्शन में कई समानताएं हैं. नेपाल में जहां जेन जी का बैनर, सोशल मीडिया पोस्ट्स, मीम्स और एक साथ जुट कर विरोध का तरीका था. वहीं नेपाल में सोशल मीडिया पर पाबंदी ने चिंगारी भड़का दी थी.

दूसरी तरफ पेरू पिछले कुछ दिनों से सरकारी आदेश की वजह से अंदर ही अंदर सुलग रहा था. यही वजह है कि नेपाल में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की तरह राष्ट्रपति डिना बोलुआर्टे के खिलाफ माहौल बन गया था. फलस्वरूप पेरू की राजधानी लीमा में सैकड़ों युवा 20 सितंबर 2025 को सड़कों पर उतर आए.

इतना ही नहीं यह प्रदर्शन मुख्य रूप से जेन जी, यानी नई पीढ़ी के युवाओं द्वारा आयोजित किया गया. युवाओं का मुख्य मकसद था 'भ्रष्टाचार, आर्थिक असुरक्षा और पेंशन सुधार कानून' के खिलाफ अपनी आवाज को उठाना. 'जेनरेशन जी' नामक एक युवा समूह की ओर से आयोजित किया गया विरोध-प्रदर्शन, संगठित अपराध, सरकारी पदों पर करप्शन और हाल ही में हुए पेंशन सुधार के विरुद्ध पेरू में बढ़ते सामाजिक असंतोष का परिणाम है. भारी पुलिस बल के रहने के बाद भी करीब 500 लोग शहर के सेंटर में एकत्र हुए थे.

बता दें कि हाल ही में पेरू की कांग्रेस ने निजी पेंशन फंड में परिवर्तन किया, इसको लेकर युवाओं को डर है कि उनकी भविष्य की बचत असुरक्षित हो जाएगी. साथ ही, बढ़ती अपराध दर और सरकारी भ्रष्टाचार ने युवा वर्ग की बेचैनी को और बढ़ा दिया है. इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपना दर्द और गुस्सा दोनों जाहिर किया और एक जगह एकत्र हो गए.

हालांकि असंतोष बढ़ने पर पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया. साथ ही भीड़ को तितर बितर करने के लिए आंसू गैस का प्रयोग किया. हिंसक झड़प में करीब तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए. रेडियो स्टेशन एक्सिटोसा के मुताबिक, उसके रिपोर्टर और एक कैमरामैन कथित तौर पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों की ओर से दागे गए छर्रों से घायल हो गए. गौरतलब है कि नेपाल में भी इस महीने जेन जी के युवाओं ने सरकार और संसद के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था. इस वजह से नेपाल में युवा नेतृत्व वाले इन प्रदर्शनों ने प्रधानमंत्री के इस्तीफे के अलावा अंतरिम प्रधानमंत्री की नियुक्ति तक करनी पड़ी.

# दिशा पाटनी के घर फायरिंग मामला




**मुंबई.** बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर फायरिंग मामला में बरेली पुलिस ने मुंबई पुलिस को अलर्ट किया है. अलर्ट में बरेली पुलिस ने मुंबई पुलिस को दिशा पाटनी के घर हुई फायरिंग की जानकारी दी और एक्ट्रेस की सुरक्षा को लेकर अलर्ट रहने को कहा है. सूत्रों के मुताबिक, मुंबई के पुलिस अधिकारियों ने बरेली पुलिस को बताया कि मुंबई में दिशा के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ाई है.

# चंबा-पठानकोट एनएच पर हादसा



**नई दिल्ली.** चंबा-पठानकोट एनएच पर रविवार अल सवेरे परेल घार में स्विफ्ट कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से इसमें सवार एक चिकित्सा स्नातक प्रशिक्षु (इंटर्न) की मौत हो गई, जबकि एक इंटर्न युवती रावी नदी के तेज बहाव में बहकर लापता हो गई। इस दुर्घटना में दो चिकित्सा स्नातक प्रशिक्षु (इंटर्न) घायल हुए हैं। घायलों का मेडिकल कालेज चंबा में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के विस्तृत कारणों की जांच आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा के चार चिकित्सा स्नातक प्रशिक्षु घर की ओर वापिस लौट रहे थे। इसी दौरान परेल के पास अचानक कार अनियंत्रित होकर नीचे रावी नदी में जा गिरी। परिणामस्वरूप इसमें सवार अखिलेश वासी गांव बड़सर जिला हमीरपुर की मौके पर मौत हो गई, जबकि इशिका वासी रोहड़ू जिला शिमला नदी के तेज बहाव में बह गई। घायलों में रिशांत वासी जिला शिमला और दिव्यांक जिला सोलन शामिल हैं। उधर, एसपी चंबा अभिषेक यादव ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि घटना को लेकर नियमानुसार आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# लाल किले की रामलीला में एआई का तड़का

**नई दिल्ली.** लाल किले के सामने 1958 से लगातार मंचित होने वाली नव श्री धार्मिक लीला कमेटी (पंजीकृत) की रामलीला इस वर्ष और भी भव्य और यादगार बनने जा रही है. इस बार पहली बार मंचन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग किया जाएगा. वॉयस मॉड्यूलेशन, लाइट और साउंड इफेक्ट्स को एआई तकनीक से सजाया जाएगा, जिससे रामायण के हर दृश्य को और अधिक वास्तविक एवं प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया जा सकेगा. समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि इस बार दर्शकों को तकनीक और परंपरा का अनोखा मेल देखने को मिलेगा. विशाल एलईडी स्क्रीन पर रामायण के प्रमुख प्रसंगों का सीधा प्रसारण होगा. वहीं, सीता स्वयंवर का दृश्य खास हाइड्रोलिक मंच और रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच साकार किया जाएगा.

# शिंदे का एक्स हैंडल हैक

## हैकर्स ने अकाउंट पर लगाए पाक और तुर्की के झंडे



**मुंबई.** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का एक्स (पहले ट्विटर) अकाउंट रविवार की सुबह हैक हो गया. हैकर्स ने अकाउंट पर पाकिस्तान और तुर्की के झंडों वाली तस्वीरें पोस्ट कीं, वहीं लाइव-स्ट्रीमिंग के दौरान दोनों देशों की फोटो दिखाई गई. यह घटना ऐसे समय में हुई जब भारत और पाकिस्तान एशिया कप के दूसरे मैच के लिए तैयार है. हैक होते ही अधिकारियों ने तुरंत साइबर क्राइम पुलिस को सूचित किया और एक्स अकाउंट को फिर से नियंत्रित करने की कार्रवाई शुरू की गई. अधिकारियों ने बताया कि डिप्टी सीएम के एक्स हैंडल की देखरेख करने वाली टीम ने तुरंत हस्तक्षेप किया. लगभग 30 से 45 मिनट में अकाउंट को सामान्य स्थिति में लाया गया. पीटीआई के अनुसार, अधिकारी ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से सरकारी अधिकारियों और जनता दोनों की डिजिटल सुरक्षा पर सवाल उठते हैं. एक्स प्लेटफॉर्म पर अधिकारियों की जानकारी सुरक्षित रखने के लिए नियमित निगरानी की आवश्यकता है. यह पहला मौका नहीं है जब किसी आधिकारिक एक्स अकाउंट को हैक किया गया हो. हाल ही में झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक्स अकाउंट के हैक होने की खबरें आई थीं, जिसमें अजीबो-गरीब पोस्ट शेयर किए गए थे. हालांकि, बाद में उसे भी रिकवर कर लिया गया. विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं सोशल मीडिया सुरक्षा के मुद्दे पर कई तरह के सवाल छोड़ जाते हैं.

# 'व्यापारियों से आर्थिक लूट की जिम्मेदारी लें'

## पीएम के राष्ट्र के नाम संबोधन पर बोली कांग्रेस



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए जीएसटी सुधार के लाभ गिनवाए. वहीं इस पर अब कांग्रेस की प्रतिक्रिया सामने आई है. महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि एक बार फिर अपनी आदत के अनुसार जीएसटी दरों में कटौती का श्रेय लेने की कोशिश की. हर्षवर्धन सपकाल ने कहा, "साल 2017 में पीएम मोदी ने ही भारी-भरकम दरों के साथ जीएसटी लागू किया था, जिससे देश के उद्योग, व्यापारी और आम नागरिक परेशान हुए और उनकी व्यापक आर्थिक लूट हुई. वही पीएम मोदी रविवार को दर कम करने के नाम पर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं. 'आठ साल लूट की जिम्मेदारी लेनी चाहिए', उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में जीएसटी संग्रह दोगुना बढ़कर 22 लाख करोड़ पर पहुंचा है और इसका सबसे अधिक बोझ उपभोक्ताओं और छोटे कारोबारियों पर पड़ा है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब दरों में कटौती का श्रेय लेते हैं, तो उन्हें आठ साल तक बढ़े हुए दर से की गई लूट की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए. 'पेट्रोल-डीजल के दाम पर अभी भी चुप', इस संदर्भ में प्रदेशाध्यक्ष ने आगे कहा, "राहुल गांधी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि पीएम मोदी ने जीएसटी को 'गब्बर सिंह टैक्स' में बदल दिया है. दरों में कमी कर जनता की लूट बंद करो, यह मांग भी उन्होंने लगातार की थी.

CMYK

## सुविचार

मन की सोच सुंदर हो तो सारा संसार सुंदर है।

## संपादकीय

# हितों पर चोट



अमेरिका ने ईरान के चाबहार बंदरगाह को प्रतिबंधों से दी गई छूट वापस ले ली है। ट्रंप प्रशासन ईरान पर अधिकतम दबाव बनाना चाहता है, लेकिन इससे भारत को भी बड़ा झटका लगेगा। 50% टैरिफ के बाद अमेरिका का यह एक और कदम है, जिससे भारतीय हितों को चोट पहुंचेगी। ट्रंप ने दूसरी बार सत्ता संभालने के साथ ही चाबहार को मिली छूट खत्म करने के एग्जिक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर दिए थे। अब इसे 29 सितंबर से लागू करने का आदेश जारी हुआ है। इसके बाद अगर कोई कंपनी या संस्था चाबहार के संचालन में शामिल होती है, तो उस पर भी अमेरिकी प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। भारत इस पोर्ट पर अरबों रुपये का निवेश कर चुका है और यहां एक टर्मिनल बना रहा है। अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से उसके लिए यहां काम करना मुश्किल हो सकता है। यह विडंबना है कि डॉनल्ड ट्रंप भारत और पीएम नरेंद्र मोदी को दोस्त बता रहे हैं, लेकिन उनकी नीतियां नई दिल्ली के खिलाफ जा रही हैं। चाबहार मामला बहुत कुछ रूसी तेल जैसा है। जब यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए रूस पर अमेरिका दबाव नहीं बना पाया, तो उसने तेल के व्यापार पर दोष डालना शुरू कर दिया। यही कहानी ईरान के साथ है। पिछले दिनों इस्राइल-ईरान टकराव और उसमें अमेरिकी दखल के बावजूद तेहरान झुकने को तैयार नहीं हुआ था, तो अब मैक्सिमम प्रेशर की बात कही जा रही है। भारत के लिए चाबहार बंदरगाह की अहमियत व्यापार से अधिक रणनीतिक है। यह पोर्ट उसे पाकिस्तान को बाईपास कर सीधे अफगानिस्तान, मध्य एशिया तक पहुंच देता है। साल 2023 में पहली बार उसने इस रूट का इस्तेमाल कर अफगानिस्तान को गेहूं भिजवाया था। चाबहार उस इंटरनैशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर का अहम हिस्सा है, जिसकी शुरुआत भारत, रूस और ईरान ने मिलकर की थी। सड़क और रेल नेटवर्क से जोड़ दिया जाए, तो यह कॉरिडोर सीधे यूरोप तक आसान, सस्ता और छोटा रास्ता देता है। चाबहार पर बैन भारत या ईरान नहीं, आगे चलकर अमेरिका पर भी असर डाल सकता है। इस पोर्ट को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह का जवाब माना जा रहा है, जो चीन के महत्वाकांक्षी बीआरआई प्रॉजेक्ट का हिस्सा है। इस क्षेत्र से भारत हटा, तो सीधा फायदा चीन को होगा। वॉशिंगटन की वजह से पेइचिंग को रणनीतिक-व्यापारिक बढ़त मिल जाएगी। यह ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन की सबसे बड़ी खामी कही जाएगी कि विरोधियों पर पकड़ बनाने की उसकी हर कोशिश दोस्तों को नुकसान पहुंचाती है।

## आस्था

# पहली बार व्रत? जरूर जानें ये जरूरी बातें



शारदीय नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा और उनके नौ स्वरूपों की आराधना का पावन समय होता है. बहुत से लोग हर साल पूरे विधि-विधान से व्रत रखते हैं, लेकिन कई लोग पहली बार नवरात्रि का व्रत करने का संकल्प लेते हैं. पहली बार व्रत रखने वालों को विशेष सावधानियां और नियमों का ध्यान रखना चाहिए, ताकि मां दुर्गा की कृपा प्राप्त हो सके. व्रत की शुरुआत घटस्थापना (कलश स्थापना) के साथ करें. मां दुर्गा के सामने व्रत का संकल्प लें और नियमों का पालन करने का प्रण करें.व्रत में केवल सात्विक आहार ग्रहण करें. प्याज, लहसुन, मांसाहार और मदिरा का सेवन वर्जित है. फलाहार और व्रत का भोजन जैसे कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा, साबूदाना आदि ही लें. रोजाना दुर्गा सप्तशती, दुर्गा चालीसा या ॐ दुं दुर्गायै नमः मंत्र का जाप करें. पहले दिन मां शैलपुत्री और आगे क्रमश नवदुर्गा की पूजा करें.अष्टमी या नवमी के दिन कन्या पूजन करके व्रत का समापन करें. कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें उपहार दें और आशीर्वाद लें.

## कहानी

हरि भटनागर


# माई

यह कहानी पाचोपीरन गाव के एक महरा की है। पता नहीं क्यों पाचोपीरन गाव का नाम ज़बान पर आते ही महरा की याद हो आती है। महरा यही कोई चार फुट का निहायत ही काला, उस पर चेचक का मारा था। चेचक ने उसकी एक आख छीन ली थी, दूसरी आख थी लेकिन ऐसी दिखती जैसे गंदुमी काच जमा दिया गया हो। नाक चपटी थी और भौंह और बरौनिया ग़ायब थीं। सिर पर वह हमेशा गमछा बाधे रखता। जैसे कि कहा गया है कि वह महरा है, पेट के लिए वह बस स्टैण्ड की दूकानों में पानी भरता है। सुबह से शाम तक वह, काधे पर बहगी टागे, पानी के कनस्तरों को हाथों से सम्हालता, 'बच के बाबू' की हाक लगाता, नंगे पाव बगटुट कुए से दूकानों के बीच, सरकता दीखता। बहगी लचकती तो उसका शरीर आबनूस के लट्ठे-सा, पसीने से चमकता, उस लचक की लय के साथ ताल भिड़ाता। बिना बाह की बनियान वह पहनता जिसे बत्ती की मानिंद तहा के छाती पर चढ़ा लेता। चारखाने की ढीली-ढाली जाघिया उसके घुटनों तक होती, लगता बरमुड्डा पहने हो। प्रकृति में बदलाव सहज संभव है, लेकिन महरा के काम में कभी कोई बदलाव नहीं देखा गया। कैसी भी ठण्ड, तपिश और बारिश हो, वह कभी पीछे नहीं हटा। अपनी धज से उसने प्रकृति को हमेशा चुनौती दी। लेकिन यही महरा आज उदास है और अपनी झोपड़ी में ग़मगीन पड़ा, कोई काम नहीं कर रहा है। सिसकता है, रोता है। महरा की उदासी की एक छोटी-सी कहानी है। बात यह है कि महरा की अस्सी साल की बूढ़ी मा थी। महरा मा को बेहद चाहता था। उसकी चाहत का यह आलम था कि उसने उसकी ख़ातिर शादी नहीं की। उसका मानना था कि कहीं घरवाली मा को ईजा न दे, तंग न करे। मा को कोई तंग करे - उसके लिए यह मर-मिटने वाली बात थी। मा ने हज़ारों बार उससे अरदास की, विनती की कि वह शादी कर ले, नाती-पोतों को देखकर वह मरना चाहती है।

# नवरात्रि के पहले दिन करें मां शैलपुत्री की पूजा

आज से चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ हो चुका है। चैत्र नवरात्रि के 9 दिनो तक मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरुपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के पहले स्वरुप माता शैलपुत्री की पूजा की जाती है। इस दिन घटस्थापना के बाद मां शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी।

माता पार्वती को मां शैलपुत्री कहा जाता है। उनका वाहन वृषभ है इसलिए उन्हें वृषभारूढ़ा भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति पूरी श्रद्धा और विधि विधान से मां शैलपुत्री का पूजा अर्चना करता है आसकी सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही व्यक्ति के जीवन में जो कष्ट हैं उनसे भी छुटकारा मिलता है। तो आइए जानते हैं चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा कैसा करें उन्हें क्या भोग लगाएं और कथा. नवरात्रि के पहले दिन पूजा जाने वाली देवी मां शैलपुत्री का



स्वरूप अत्यंत शांत, सरल, सुशील और दया से पूर्ण है। मां का रूप दिव्य और आकर्षक है। उनके दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प शोभायमान है, जो उनके अद्भुत और शक्ति से भरे स्वरूप का प्रतीक है।

मां की सवाली वृषभ है। मां शैलपुत्री का तपस्वी रूप बहुत ही प्रेरणादायक है, उन्होंने घोर तपस्या की है और समस्त जीवों की रक्षिका हैं। नवरात्रि के पहले दिन का व्रत और पूजा विशेष रूप से कष्टों से मुक्ति दिलाने वाली मानी जाती है। विपत्ति के समय में मां शैलपुत्री अपने भक्तों की रक्षा करती हैं और उनकी सभी इच्छाओं को पूरा करती हैं। मां शैलपुत्री साधक के मूलाधार चक्र को जागृत करने में भी सहायक होती हैं। मूलाधार चक्र हमारे शरीर का वह ऊर्जा केंद्र है, जो हमें स्थिरता, सुरक्षा और मानसिक शांति प्रदान करता है। इस चक्र के जागरण से जीवन में सकारात्मकता और समृद्धि का प्रवाह होता है। मां शैलपुत्री की पूजा विधि देवी भागवत पुराण में विस्तार से दी गई है। शारदीय नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा विधि इस प्रकार है. नवरात्रि के पहले दिन पूजा का आरंभ ब्रह्म मुहूर्त में करें। इस समय वातावरण शुद्ध और आध्यात्मिक होता है। पूजा से पहले स्नान करके शुद्ध और स्वच्छ कपड़े पहनें, एक चौकी पर गंगाजल छिड़ककर उसे शुद्ध करें और फिर उस पर मां शैलपुत्री की मूर्ति, तस्वीर या फोटो स्थापित करें। पूरे परिवार के साथ विधिपूर्वक कलश की स्थापना करें। यह कार्य नवरात्रि पूजा का प्रमुख हिस्सा होता है। कलश स्थापना के बाद, मां शैलपुत्री का ध्यान मंत्र ॐ देवी शैलपुत्र्यै नमः, वंदे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम्, वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्, या देवी सर्वभूतेषु मां शैलपुत्री रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः जप करें। साथ ही, नवरात्रि व्रत का संकल्प लें। सफेद, पीले या लाल फूल मां शैलपुत्री को अर्पित करें। साथ ही, कुमकुम का तिलक भी करें। मां के समक्ष धूप और दीपक जलाएं। साथ ही, पांच देसी घी के दीपक भी जलाएं ताकि सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो।इसके बाद मां शैलपुत्री की आरती उतारें। मां की आरती करने से व्यक्ति को उनकी कृपा प्राप्त होती है।पूजा के बाद, मां शैलपुत्री की कथा, दुर्गा चालिसा, दुर्गा स्तुति या दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। इससे मां की आशीर्वाद प्राप्ति होती है। मां शैलपुत्री की पूजा में विशेष रूप से सफेद रंग का महत्व है, जो शांति और पवित्रता का प्रतीक है। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए सफेद रंग की सामग्री का अर्पण करना आवश्यक होता है।

मां शैलपुत्री को सफेद रंग के फूल अर्पित करें। पूजा में मां को सफेद मिठाई, जैसे खीर, खाजा, या सफेद लड्डू अर्पित करें। सफेद रंग की अन्य सामग्री जैसे दूध और दही भी अर्पण कर सकते हैं.

माना जाता है कि मां शैलपुत्री की पूजा से विशेष रूप से कुंवारी कन्याओं को अच्छे वर की प्राप्ति होती है। घर में धन-धान्य की कमी नहीं रहती है और समृद्धि का वास होता है। इसके अलावा, यह पूजा घर में सुख-शांति, प्रेम और समृद्धि लाती है। श्रद्धापूर्वक पूजा करने से परिवार में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जीवन में स्थिरता प्राप्त होती है।

### शारदीय नवरात्र घट स्थापना मुहूर्त

पंचांग के मुताबिक 22 सितंबर को घट स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 09 मिनट से लेकर सुबह 08 बजकर 05 मिनट है। वहीं दूसरा मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त में 11 बजकर 49 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 38 मिनट तक है। इन दोनों में से किसी भी मुहूर्त घटस्थापना कर सकते हैं।

## व्यंग्य

वीरेन्द्र सरल

# मेरी आत्म-व्यथा

समीक्षा लिखने की कला तो मुझे आती ही नहीं है पर आजकल पाठकीय प्रतिक्रिया देने को अभिशप्त हो गया हूँ। किसी की किताब पढ़ी नहीं कि मन प्रतिक्रिया देने को ललचाने लगता है। विचार आता है क्या पता इसी चक्कर में कुछ अच्छा लिख जाऊं और अंधे के हाथ बटेर लगने का मेरा स्वप्न साकार हो जाये। मेरी लिखी प्रतिक्रियाओं को पाठक पुस्तक समीक्षा समझते हैं।

उनकी खुशी में ही मेरी खुशी है। जोश में होश खोकर अब मैं भी अपनी प्रतिक्रियाओं को समीक्षा समझने लगा हू। मैंने जिसकी भी किताब की समीक्षा एक बार लिखी, उनकी हिम्मत मुझे दोबारा किताब भेजने की नहीं हुई। यही मेरी समीक्षा लेखन का प्रतिफल और प्रसाद है।

पर मैं उन लेखकों का क्या कहू, जिनका पाला आज तक एक बार भी मुझसे नहीं पड़ा है। वे तो मुझे कुख्यात समीक्षक ही समझते हैं। उनको लगता है कि मैं दिन दहाड़े किसी भी किताब की समीक्षा लिख सकता हू। लिख सकता हू ये तो सही है पर दिन दहाड़े लिखने की मेरी हिम्मत नहीं है। लुक छिपकर किताब की भूमिका और अपनी बात से कुछ वाक्यों को उठाकर, उसे तोड़ मरोड़ कर और उसी में प्रशंसा के अपने दो चार वाक्य मिलाकर समीक्षा लिख लेना अलग बात है लेकिन पूरी किताब पढ़ कर समीक्षा लिखने से तो नानी याद आने लगती है। नानी यादों में आकर कहती है कि बस कर पगले, बड़ा समीक्षक बना फिरता है। पहले अपनी ही किताब की किसी बड़े लेखक से ढंग की समीक्षा लिखा के तो दिखा। जब ढंग से समीक्षा होगी तो तुझे नानी के साथ नाना जी भी याद आने लगेंगे, समझा? यादों में ही सही पर नानी मेरी दुखती रग पर हाथ रख देती है। जो भी हो समीक्षक के रूप में मेरा विज्ञापन तो हो ही चुका है और आत्ममुग्ध होकर मैं धड़ल्ले से समीक्षा लिखे जा रहा हू। पता नहीं क्यों किसी परिचित और महिला लेखकों के किताबों पर लिखते समय मेरे मन में बहुत अच्छे -अच्छे विचार सूझते हैं और प्रशंसा में कसीदे गढ़ने की मेरी बुद्धि एकदम सक्रिय हो जाती है। मेरी कलम बिना थके बिना रुके नॉनस्टॉप चलकर लम्बी चौड़ी समीक्षा लिख मारती है।

## लघुकथा

# दाखिला

रामदीन अपने 4 साल के पोते के साथ एक बड़े प्राइवेट स्कूल के प्रिंसिपल ऑफिस के सामने खड़ा था। साहब प्रिंसिपल साहब से मिलना था। उसने चपरासी से कहा क्यों क्या काम है चपरासी ने उससे सपाट लहजे में पूछा। जी बच्चे का दाखिला कराना था। रामदीन ने विनयवत होकर कहा। यहा सीट खाली नहीं हैं दादाजी और बहुत पैसे लगते हैं किसी सरकारी स्कूल में दाखिला ले लो। चपरासी ने सुझाव दिया। जी उन एक साहब ने यह फॉर्म दिया था और कहा था उस स्कूल के बड़े साहब से मिल लेना। रामदीन ने आरटीई के तहत गरीब बच्चों का सरकारी स्कूल में दाखिले का फॉर्म चपरासी को दिखाया। चपरासी उस फॉर्म को लेकर अंदर गया थोड़ी देर में बाहर आकर बोला जाओ साहब बुला रहे हैं। रामदीन ने जूते बाहर उतारे और डरता हुआ बच्चे की कलाई पकड़े अंदर गया। उस स्कूल की भव्य बिल्डिंग को बच्चा बड़ी उत्सुकता से देख रहा था। अंदर रामदीन एक कोने में खड़ा हो गया। प्रिंसिपल ने फॉर्म को देखा और गरीब रामदीन और मैले कुचैले कपडे पहने उसके पोते को देखा। देखो तुम्हारा दाखिला तो हो जायेगा फीस भी माफ़ हो जाएगी पर तुम क्या बाक़ी का खर्च उठा लोगे जैसे तीन ड्रेस यही कोई पाच हज़ार के आसपास वैसे इस स्कूल में तो पचास हज़ार से नीचे खर्च होता नहीं हैं लेकिन सरकार अब गधों को घोडा बनाने पर तुली ही है तो मौज ले ही लो प्रिंसिपल की इस बात पर वहां बैठे स्टाफ के लोग हसने लगे। साहब ये तो बहुत ज्यादा है इतना हम कैसे करेंगे? हम से तो साहब ने कहा था यहा कोई पैसा नहीं लगेगा।

## उपन्यास

राजेश माहेश्वरी

# पथ

कर्ज चुकाने की समय सीमा समाप्त हो चुकी थी। कुछ दिन रूक कर एक दिन मोहन सिंह राममनोहर के घर उनका हाल जानने के लिये पहुंच गये। वहा पहुंचकर वे स्तब्ध रह गये। बीती रात को ही राममनोहर का स्वर्गवास हो गया था। उन्होंने बिना लिखा-पढ़ी के रूपया दिया था क्योंकि उन्हें राममनोहर पर पूरा विश्वास था। उसकी अचानक मृत्यु हो जाने से यह सोचकर कि उनका रूपया डूब चुका है उनका दिल बैठा जा रहा था। लेकिन अब कुछ किया भी नहीं



जा सकता था। उनके लड़कों से कुछ अपेक्षा रखना ही व्यर्थ था। वे भारी मन से अंतिम संस्कार में शामिल हुए। शाम का समय था। मोहनसिंह अपने घर पर उदास बैठे थे। एक तो उनका सच्चा मित्र आज चला गया था। जिसे उन्होंने अपनी आंखों के सामन पंचतत्वों में विलीन होते देखा था और दूसरी ओर उनकी एक लाख की पूंजी भी डूब गई थी। राममनोहर का सबसे छोटा लड़का तभी उनके यहां आया और बोला कि मां ने आपको याद किया है। मोहनसिंह यह सोचकर कि क्या पता भौजी को ऐसी कौन सी आवश्यकता आ पड़ी जो आज के दिन उन्होंने बुलाया है। वे छोटे लड़के के साथ ही उनके घर की ओर चल दिये।

जब वे उनके घर पहुंच तो राममनोहर की पत्नी ने उन्हें एक पैकेट दिया और बतलाया कि राममनोहर वह पैकेट अपने सिरहाने रखे थे। उनकी बीमारी के कारण उनका आना-जाना बन्द हो चुका था। उन्होंने अपनी पत्नी को जता रखा था कि यदि किसी कारण से कोई अनहोनी हो जाए तो यह पैकेट मोहन सिंह तक पहुंचा देना है। यह कहकर उसने बतलाया कि मुझे नहीं पता कि इसमें क्या है। जब मोहनसिंह ने वह लिफाफा खोला तो उसमें एक लाख रूपये रखे थे। यह देखकर उनकी आंखों के आगे राममनोहर का चेहरा झूल गया और उनकी आंखें छलक उठीं। उन्होंने उस रकम से राममनोहर के स्मृति में एक स्मारक के रुप में एक चबूतरा बनवा दिया जो आज भी ईमानदारी के स्मारक के रुप में प्रसिद्ध है।

# हसी का कारण

मंगलू एक ग्वाला था। एक दिन जंगल में उसकी गाए चर रही थी। वह चीड़ के पेड़ों की छांव में बांसुरी बजा रहा था। बांसुरी की धुन जंगल में गूंज रही थी। तभी उस रास्ते उसने राजा के दल को जाते हुए देखा। मंगलू जोर से हसा। वजीर ने इसे राजा का अपमान समझा उसने राजा से मंगलू की शिकायत की राजा ने मंगलू से हसने का कारण पूछा। वह बोला 'मै समय आने पर बताऊंगा' राजा क्रोधित हो गया। उसने ग्वाला को जेल में बन्द करवा दिया। मंगलू ने राजा से निवेदन किया 'महाराज! मुझे बांसुरी बजाने का शौक है। मुझे जेल में भी बांसुरी बजाने की इजाजत दीजिए।' 'तुम सुबह रोज सुरक्षाकर्मियों की उपस्थिति में बांसुरी बजाने जेल से थोड़ी देर के लिए बाहर लाए जाओगे। कुछ देर बाद फिर जेल में कैदी के रूप में रहोगे। राजा ने मंगलू को आज्ञा दी। राजा की एक लड़की थी। उसका नाम दिव्या था। वह खूबसूरत थी। उसे गाने का शौक था। एक दुर्घटना में उसकी याददाश्त चली गई थी। अब वह किसी से बात नहीं करती थी। गुमसुम रहती थी। राजा ने उसकी याददाश्त लौटाने के बहुत प्रयास किए किन्तु सब बेकार रोज सुबह सुरक्षाकर्मियों की उपस्थिति में मंगलू जेल से बाहर आकर थोडी देर तक बांसुरी बजाता रहता। मंगलू की बांसुरी की धुन दिव्या के कानो तक भी पहुंचती। वह अपने कक्ष से बाहर आकर बांसुरी की धुन को सुनती रहती एक दिन रानी ने दिव्या को बांसुरी की धुन सुनते हुए देखा। उसे बहुत समय बाद दिव्या के चेहरे पर खुशी दिखाई दी रानी ने राजा को यह बात बता दी। राजा ने मंगलू को कैद से मुक्त करते हुए आज्ञा दी कि वह इसी दरबार में रहेगा और दिव्या को बांसुरी की धुन सुनाएगा। मंगलू ने ऐसा ही किया। धीरे-धीरे दिव्या के स्वास्थ्य में सुधार आने लगा अब वह अपने परिवार वालों के साथ बातें भी करने लगी कुछ दिनों के बाद वह गाने भी लगी अब मंगलू बांसुरी बजाता और वह गाती राजा और रानी दिव्या में आए परिवर्तन से बडे खुश थे।

# खुशी की कक्षाएं

अच्छे अच्छे दार्शनिक और मनोवैज्ञानिक सर पटक कर रह गए लेकिन न तो वे खुशी को आज तक परिभाषित कर सके न ही उसे ढूंढ़ पाए हैं। खुशी शायद चीज़ ही ऐसी है। कितना ही प्रयत्न करें, वह हाथ नहीं आती। कोशिश निरर्थक ही रहती है। और मज़ा यह है कि हर आदमी के जीवन में खुशी और नाखुशी के दौर बारी बारी से आते ही रहते हैं। पर आदमी है कि सिर्फ खुशी को ढूंढने में अपनी सारी उम्र तमाम कर देता है। खुशी के रहस्य को ढूंढने के लिए, और यह बताने के लिए की खुशी क्या है और इससे क्या उम्मीदें की जा सकती हैं, दिल्ली सरकार ने अपने स्कूलों में 45 मिनट का एक 'हैपीनेस पीरियड' सुनिश्चित किया है जो पांच मिनट के ध्यान के साथ शुरू होगा।

किसी भी काम को शुरू करने और उसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए, भारतीय परम्परा और सरकार के अनुसार ध्यान-योग बहुत ज़रूरी है। 'हैपीनेस पीरियड' के लिए नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा तक खुशी का एक पाठ्यक्रम




रखा जाएगा। मुख्यमंत्री अरविन्द केसरीवाल ने छात्रों के लिए यह पाठ्यक्रम पेश करते हुए कहा कि पाठ्यक्रम में दिल्ली सरकार के सभी स्कूल सम्मिलित होंगे।

यह पाठ्यक्रम 40 शिक्षकों की एक टीम ने 6 महीने में तैयार किया है। इस कवायत में आरंभिक उम्मीद के हिसाब से 10 लाख छात्र और करीब 50 हज़ार शिक्षक शामिल होंगे। सरकार का मानना है कि खुशी की इन कक्षाओं द्वारा आतंकवाद, भ्रष्टाचार और प्रदूषण जैसी आज के समय की समस्याओं का चुटकी बजाते हल किया जा सकता है। ये समस्याए नाखुशी पैदा करती हैं और ज़ाहिर है खुशी के पीरियड द्वारा यह नाखुशी दूर की जा सकती है और प्रसन्नता और आनंद का एक माहौल पैदा किया जा सकता है।

## वास्तुशास्त्र

# नवरात्रि पर घर सजाएं रंगोली से

नवरात्रि के लिए आप रंगोली के इस डिजाइन से आइडिया ले सकती हैं. इसमें वाइट कलर के रंग से गोला बनाकर उसमें मां दुर्गा के चेहरे का चित्र बनाया गया है. त्रिशूल, मां के पद चिन्ह और श्रृंगार का सामान दिखाया गया है. गोले से आसपास गेंदे के फूल और इलेक्ट्रॉनिक डेकोरेशन लाइट्स से लगाई हैं. जो इस डिजाइन में चार-चांद लगा रही हैं. अगर आप सिंपल रंगोली बनाना चाहती हैं, तो इस डिजाइन को कॉपी कर सकती हैं. इसमें वाइट कलर के सर्कल बनाकर अंदर दूसरे कलर से जय मां काली लिखा है. साथ ही मां के चेहरे की आकृति और आसपास में स्वास्तिक का चिन्ह बनाया है. इसके अलावा सर्कल के आसपास ग्रीन और दूसरे कलर से सिंपल डिजाइन बनाया गया है. रंगोली का डिजाइन बहुत ही सुंदर लग रहा है. आप नवरात्रि के लिए इससे भी आइडिया ले सकती है. उसमें कई कलर का मिक्स करा गया है. साथ ही शुभ नवरात्रि लिखा है और मां के पद चिन्ह बनाएं गए हैं. येलो कलर के सर्कल बनाकर अंदर मां दुर्गा के चेहरे की आकृति बनाई गई है. साथ ही रंगोली के आसपास में दीए और फूल लगाए गए हैं. शारदीय नवरात्रि में डांडिया नाइट का इंतजार लोगों को बहुत रहता है. ऐसे में आप रंगोली में इस बना सकती हैं जैसे कि इस रंगोली डिजाइन में सर्कल बनाकर अंदर महिला और पुरुष को गरबा करते हुए दिखा गया है. साथ ही आसपास में सिंपल डिजाइन बनाया है और दीयों से सजाया गया है. ये रंगोली डिजाइन बहुत ही सुंदर लग रहा है.

## हस्तरेखाएं

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, यदि आपकी हथेली में स्पष्ट, गहरी और सीधी धन रेखा तथा मणिबंध से शनि पर्वत तक जाती हुई भाग्य रेखा मौजूद हो, तो यह संकेत देता है कि आप जीवन में आर्थिक रूप से सफल हो सकते हैं. ये रेखाएं करोड़पति बनने की संभावनाएं भी दिखा सकती हैं.हाथ की रेखाएं केवल शारीरिक बनावट नहीं होतीं, बल्कि ये आत्मा और भाग्य से जुड़ी सूक्ष्म ऊर्जा का संकेत देती हैं. हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार धन, भाग्य, पराक्रम, बुद्धि और वैवाहिक जीवन से जुड़ी कई बातें हथेली से पढ़ी जा सकती हैं. हथेली के मध्य भाग से होकर ऊपर की ओर जाने वाली रेखा. दाएं हाथ की रेखा का विश्लेषण होता है. बाएं हाथ की रेखा देखी जाती है. क्या करोड़पति बनने की रेखा है आपकी हथेली में?गहरी, लंबी और बिना टूट-फूट के हो हथेली को दो भागों में स्पष्ट बांटे यह रेखा मणिबंध (कलाई के पास) से शुरू होकर सीधे शनि पर्वत (मध्य उंगली के नीचे) तक जाती है.ऐसे लोग मेहनत से अधिक किस्मत के सहारे सफलता पाते हैं. समाज में उच्च पद, सम्मान और धन की प्राप्ति होती है.

दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम

# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं




मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादक: इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# जनोन्मुखी प्रशासन के लिए अत्यंत गंभीरता से कार्य करें

> राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के प्रशासन को निर्देश

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**



राजस्व विभाग राज्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चला रहा है। इसके अंतर्गत खेतों का मानचित्रण, अतिक्रमण हटाना, राष्ट्रीय राजमार्गों जैसी सड़कों का क्रमांकन, सभी के लिए मकान आदि कार्य किए जाएँगे। नागरिकों में राजस्व विभाग के प्रति सम्मान की भावना है। इसे टूटने न दें। जनोन्मुखी प्रशासन के लिए अत्यंत गंभीरता से कार्य करें, ऐसा राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने व्यवस्था को निर्देश दिया।

वे जिलाधिकारी कार्यालय में राजस्व विभाग के अंतर्गत भूमि अभिलेख, स्टाम्प पंजीयन आदि की समीक्षा करते हुए बोल रहे थे। बैठक में विधायक किशोर जोरगेवार, देवराव भोंगले, करण देवतले, जिलाधिकारी विनय गौड़ा जी.सी., अतिरिक्त जिलाधिकारी डॉ. नितिन व्यावरे, संतोष थिटे (चिमूर), निवासी उपजिलाधिकारी दगडू कुंभार सहित सभी उपविभागीय अधिकारी, सभी तहसीलदार आदि उपस्थित थे।

सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पांदन सड़कों के लिए अभियान चलाया गया है। इसके अंतर्गत पांदन सड़कों को क्रमांकित किया जाएगा। महाराष्ट्र देश का पहला राज्य है जिसने राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों की तरह किसानों की पांदन सड़कों को क्रमांकित किया है। भविष्य में इन सड़कों पर अतिक्रमण न हो, इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। यदि राज्य की जीडीपी बढ़ानी है, तो किसानों की पांदन सड़कों को साफ करना आवश्यक है। यदि खेतों में पानी, बिजली और सड़कें होंगी, तो खेती के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

राजस्व अधिकारियों को गांवों में जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। ग्रामीणों को यह बताना चाहिए कि प्रशासन सरकार की भूमिका निभाकर उनके गांवों में आया है। आम और गरीब लोगों को अच्छी सुविधाएं प्रदान करना हमारा कर्तव्य है। गतिशील, पारदर्शी प्रशासन को लागू करने के लिए प्रणाली को सतर्क रहना चाहिए। लोगों को सरकारी काम के लिए किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना चाहिए। इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि कोई भी अपने घरों से वंचित न हो, एक भी किसान बिना पांदन सड़क के न रहे। कार्यालय में एक सार्वजनिक बैठक का बोर्ड लगाएं। लोगों के संपर्क में रहें। सरकार की नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करें। इसके अलावा, राजस्व मंत्री बावनकुले ने कहा कि नगर निगम और नगर पालिका की सीमा के भीतर स्थित झोपड़पट्टियों की भूमि को भी नियमित किया जाएगा। सरकारी जमीन पर सभी घरों का सर्वेक्षण किया जाएगा। चंद्रपुर शहर में 55 झोपड़पट्टीवासियों को कानूनी घर देने के लिए जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अगले पांच वर्षों में महाराष्ट्र देश में सर्वश्रेष्ठ राजस्व खाता होना चाहिए। । अपना अच्छा काम प्रस्तुत करें। इस प्रस्तुति को राजस्व विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करें। कृत्रिम रेत नीति के अनुसार, सरकारी निर्माण में 50 प्रतिशत रेत अनिवार्य कर दिया गया है। कृत्रिम रेत परियोजनाओं के लिए अधिकतम प्रयास करें। प्रत्येक जिले में कम से कम 50 परियोजनाएँ शुरू की जाएँ। राजस्व अर्ध-न्यायिक मामलों को तीन महीने के भीतर निपटाने के निर्देश दिए गए हैं। किसानों को तुरंत किसान पहचान पत्र मिलना चाहिए। विशेष सहायता योजना की सभी राशियाँ डीबीटी पर दी जाती हैं। राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने यह भी निर्देश दिए कि इस पखवाड़े में घर-घर जाकर शत-प्रतिशत डीबीटी करने की व्यवस्था की जाए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी विनय गौड़ा जी.सी. ने विभाग का एक प्रस्तुतीकरण दिया।

**चांदा महसूल मित्र चैटबॉट का उद्घाटन :** राजस्व विभाग की विभिन्न सेवाओं के बारे में नागरिकों को ऑनलाइन जानकारी देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए चांदा महसूल मित्र चैटबॉट का उद्घाटन राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने किया।

## चंद्रपुर में नवरात्रि से 'भाऊचा डांडिया' की धूम

> सांसद प्रतिभा धानोरकर की अगुवाई में ग्यारह दिनों तक रंगारंग डांडिया





**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर में शहर के सांस्कृतिक जीवन में उत्साह की एक नई लहर लाने के लिए सांस्कृतिक महोत्सव के अंतर्गत सोमवार 22 सितम्बर से ' भाऊचा डांडिया ' का भव्य आयोजन किया गया है. सांसद प्रतिभा धानोरकर की अगुवाई में यह रंगारंग ग्यारह दिवसीय कार्यक्रम चांदा क्लब मैदान में आयोजित किया जाएगा।

दिवंगत सांसद बालूभाऊ धानोरकर से प्रेरित इस डांडिया की शुरुआत हुई थी और वह परंपरा आज भी बदस्तूर जारी है। इस उत्सव में गरबा-डांडिया का आनंद लेने के साथ-साथ, प्रतिभागियों को दो दोपहिया वाहन और नकद पुरस्कार जीतने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

नवरात्रि के अवसर पर आयोजित यह महोत्सव केवल मनोरंजन का साधन नहीं , बल्कि समाज के मेधावी व्यक्तियों को सम्मानित करने का एक मंच है। युवाओं के उत्साह को दोगुना करने के लिए, पहली बार लाइव संगीत के साथ डांडिया का आयोजन किया गया है। इसमें शिक्षा , खेल , कला और सामाजिक कार्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा।

यह त्यौहार 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक इस अवधि के दौरान हर दिन शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। ' भाऊचा डांडिया ' में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं , जिनमें दो विजेताओं को दोपहिया वाहन और अन्य नकद पुरस्कार दिए जाएँगे। मराठा चैरिटेबल ट्रस्ट और चंद्रपुरवासियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में इस उत्सव में शामिल हों और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएँ । इसका आयोजन बालू धानोरकर मित्र परिवार चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा किया गया है।

## आंबोली ग्राम पंचायत को संत गाड़गे बाबा ग्राम स्वच्छता अभियान पुरस्कार

**चिमूर.** चिमूर तहसील के शंकरपुर के पास स्थित आंबोली ग्राम पंचायत को इस वर्ष के संत गाडगेबाबा ग्राम स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वर्गीय आबासाहेब खेडेकर विशेष जिला स्तरीय पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। वर्ष 2024-25 के दौरान जिला स्तरीय संत गाडगेबाबा ग्राम स्वच्छता अभियान दल ने गाँव का संपूर्ण सर्वेक्षण किया। उस सर्वेक्षण के अनुसार, आंबोली गाँव को जिले की ओर से विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस दल ने जल गुणवत्ता एवं प्रबंधन, शौचालय प्रबंधन, घनकचरा प्रबंधन, सांडपाणी प्रबंधन, कीचड़ प्रबंधन, ग्राम स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता और जनभागीदारी के माध्यम से अभिनव पहल जैसे विषयों पर अंक दिए हैं। उसी अंक के आधार पर आंबोली ग्राम पंचायत को यह पुरस्कार मिला है। इसके लिए सरपंच शालिनी दोहोतरे, उपसरपंच वैभव ठाकरे, सभी ग्राम वासियों ने सक्रिय भाग लिया है।

## राजस्व सेवकों का दस दिन से आंदोलन शुरू

>राजस्व मंत्री की प्रदर्शनकारियों के तरफ अनदेखी



**चिमूर : शुभम बारसागड़े**

विदर्भ राजस्व सेवक संगठन चतुर्थ श्रेणी की मांग को लेकर 10 सितंबर, 2025 से नागपुर के संविधान चौक पर धरना-प्रदर्शन कर रहे है। पिछले 10 दिनों से राजस्व सेवक राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के ज़िले में चतुर्थ श्रेणी की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं और धरना स्थल पर राजस्व मंत्री नागपुर में रहकर भी उनसे मुँह मोड़कर विभिन्न ज़िलों में कार्यकर्ताओं के घरों में समय दे रहे हैं। हालाँकि, वे राजस्व सेवकों को समय नहीं दे पा रहे हैं। इसलिए, राज्य के बारह हज़ार छह सौ राजस्व सेवकों ने विरोध का रुख़ अपनाया है और संविधान चौक पर एकत्रित हुए हैं। उनके विरोध के कारण तालुका-स्तरीय राजस्व कार्य, डी.एल.सी., प्राकृतिक आपदाएँ, संजय गांधी निराधार योजना कार्य, चुनाव, पाक्षिक सेवाएँ, साथ ही अन्य दैनिक गतिविधियाँ प्रभावित हो रही हैं, जिससे नागरिकों को असुविधा हो रही है। इसलिए, सरकार राजस्व सेवकों को तुरंत चतुर्थ श्रेणी का दर्जा दे और नागरिकों को हो रही कठिनाइयों से राहत दिलाए। यह मांग विदर्भ राजस्व कर्मचारी संघ जिला शाखा - चंद्रपुर के जिला अध्यक्ष दयाराम वंजारी ने की। चंद्रपुर जिले के 218 राजस्व सेवक इस काम बंद हड़ताल में शामिल हुये है। और पूरे महाराष्ट्र के राजस्व सेवकों ने आंदोलन में भाग लिया है।

# रोजगार मेले में 132 बेरोजगारों को मिला रोजगार

> महात्मा गांधी विज्ञान महाविद्यालय, गढ़चांदुर में रोजगार मेला

**कोरपना, मनोज गोरे**



महात्मा गांधी विज्ञान महाविद्यालय, गढ़चांदूर में एक भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया। यह मेला जिला कौशल विकास, रोजगार एवं उद्यमिता मार्गदर्शन केंद्र, चंद्रपुर और महात्मा गांधी विज्ञान महाविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।

इस मेले में कुल 416 युवाओं ने भाग लिया और 132 उम्मीदवारों का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ। क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कुल नौ प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। ओमेंट वेस्ट प्राइवेट लिमिटेड, चंद्रपुर ने 57 पद, साई वर्धा पावर लिमिटेड, वरोरा ने 15 पद, जेपी एसोसिएट्स एंड लैबोरेटरीज चंद्रपुर ने 20 पद, गोपानी एंड आयरन पावर लिमिटेड ने 10 पद, विदर्भ क्लिक 1 सॉल्यूशन चंद्रपुर ने 200 पद, वैभव एंटरप्राइजेज नागपुर ने 670 पद, डिक्सन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड ने 10 पद, लिमिटेड नागपुर 20 पद, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस चंद्रपुर 100 पद और संसार सृष्टि इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चंद्रपुर 50 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन गड़चांदूर शिक्षण प्रसारक मंडल के सचिव धनंजय गोरे ने किया। उपाध्यक्ष विकास भोजेकर, संचालक रामचंद्र सोनपित्रे, संचालक राहुल बोधे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जबकि पुलिस उपनिरीक्षक राधिका गायकवाड़, सहायक आयुक्त अनिसा तड़वी ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र देव ने परिचय दिया और कॉलेज की रोजगारोन्मुखी गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. मनोहर बांद्रे ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. पवन चतारे ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत महाराष्ट्र गीत से हुई और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## आदर्श शिक्षकों का उनके जन्मस्थान और कर्मभूमि में सम्मान



**कोरपना, मनोज गोरे**

पिंपलगाँव के मित्र परिवार ने आदर्श शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में, गाँव के दो शिक्षकों को जिला स्तरीय आदर्श शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने पर ग्रामीणों द्वारा सम्मानित किया गया।

सम्मानित लोगों में मंगेश बोधले को शॉल, माला, पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र और सम्मान चिह्न देकर सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों ने छात्रों में आत्मविश्वास जगाया है और उन्हें जिला स्तरीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। पिंपलगाँव मंगेश बोधले का जन्मस्थान है।

इसी समारोह में अशोक गोरे का भी सम्मान किया गया। अपनी लंबी सेवा के दौरान, उन्होंने सैकड़ों छात्रों को ज्ञान प्रदान किया। सेवानिवृत्ति के बाद भी, वे सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। यही उनकी कर्मभूमि है।

इस कार्यक्रम में गाँव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शिक्षकों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए, गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि "शिक्षक समाज के प्रकाश स्तंभ हैं।" इस अवसर पर बोधले और गोरे ने अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का परिचय खुशाल गोहोकर ने दिया, संचालन रमेश लोनबाले ने किया और धन्यवाद ज्ञापन बंडू बोधले ने किया।

सम्मान समारोह ने गाँव में एक सांस्कृतिक और शैक्षिक माहौल का निर्माण किया।

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती

# राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

**कोरपना, मनोज गोरे**



अरुण मडावी भाजपा जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष, युवा आदिवासी नेता प्रमोद कोडापे, भाजपा कोरपना के कोषाध्यक्ष, मार्गदर्शक थे। भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर देश के कई आदिवासी क्रांतिकारियों का इतिहास, जो अब तक सीमित रूप से जाना जाता था, इस आदिवासी गौरव के अवसर पर विभिन्न आदिवासी क्रांतिकारियों के इतिहास और संस्कृति को संरक्षित करने की कला के बारे में जाना जा रहा है और आदिवासी समुदाय के साथ न्याय करने का प्रयास किया जा रहा है। इस वर्ष राष्ट्रीय गौरव दिवस के रूप में 150वीं जयंती और जनजाति गौरव दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने छात्रों को स्कूली जीवन में शिक्षा प्राप्त करने और एक सफल भावी जीवन की ओर बढ़ने के लिए मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर, कार्यक्रम में तिरुपति कन्नके महासचिव भाजपा जनजातीय मोर्चा कोरपना, पत्रकार मनोज गोरे, सोशल मीडिया प्रमुख सागर धुर्वे, माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य भगत सर, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य ताजणे सर, ठाकरे सर, कोट्टी सर, वडई सर, आडटे सर, गरघाटे मैडम, ज़ेड मैडम, माडवी मैडम, जया धरनकर, मट्टे, राजुरकर, हनुमंत तुमराम, शिक्षकगण, कर्मचारीगण और विद्यार्थीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पूरे दिन निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानाचार्य ताजणे सर ने प्रारंभिक प्रार्थना की, संचालन कोट्टी सर ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मट्टे ने किया।

# आरमोरी बर्डी के नागरिकों को मिले मूल मालिकाना हक

> डॉ. संगीता राऊत की प्रमुख मांग

**आरमोरी.**



आरमोरी तहसील के बर्डी क्षेत्र में नागरिक लगभग 60 वर्षों से रह रहे हैं। यहां पक्के मकान और स्थायी बस्तियां हैं, लेकिन अब तक इस क्षेत्र को न तो नगर परिषद की सीमा में शामिल किया गया है और न ही नागरिकों को मालिकाना हक की मान्यता मिली है। इस गंभीर मुद्दे को उठाते हुए भारतीय जनता पार्टी ओबीसी प्रदेश सदस्य डॉ. संगीता राऊत ने महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

डॉ. राऊत ने बताया कि बर्डी क्षेत्र पुराने समय से बसा हुआ है, परंतु सरकारी रिकॉर्ड में अब भी इसे झोपड़ी जंगल की जमीन मानकर चलाया जाता है। इसी वजह से यहां के नागरिकों को किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पाता। घरकुल योजना, पक्के मकानों के लिए अनुदान, सड़क, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं से वे वंचित हैं।

उन्होंने कहा कि दशकों से रह रहे लोगों को अब और अन्याय सहन करना उचित नहीं है। सरकार को तुरंत इस क्षेत्र को झोपड़ी जंगल से अलग कर, बर्डी के सभी नागरिकों को स्थायी मालिकाना हक प्रदान करना चाहिए।

राजस्व मंत्री श्री बावनकुळे को सौंपे गए निवेदन के माध्यम से डॉ. राऊत ने स्पष्ट किया कि जब तक मालिकाना हक नहीं दिया जाता, तब तक नागरिकों की समस्या का समाधान संभव नहीं होगा।






CMYK

# गरबा में सिर्फ हिंदुओं को एंट्री

## अठावले की चेतावनी, बढ़ सकती है हिंसा

**नई दिल्ली.**

नवरात्रि शुरू होने से पहले ही विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के गरबा कार्यक्रमों को लेकर दिए गए बयान ने नया विवाद खड़ा कर दिया है. वीआईपी ने आयोजकों को सलाह दी है कि केवल हिंदुओं को ही प्रवेश दिया जाए और पहचान सुनिश्चित करने के लिए आधार कार्ड चेक किए जाएं. इस पर केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने सख्त आपत्ति जताई है. उन्होंने कहा कि इस तरह के आह्वान से समाज में हिंसा फैल सकती है और त्योहार का माहौल खराब हो सकता है.

विश्व हिंदू परिषद शनिवार को बयान जारी किया था, जिसमें आयोजकों से कहा गया था कि गरबा कार्यक्रमों में केवल हिंदुओं को ही आने दिया जाए. साथ ही यह भी कहा गया कि लव जिहाद जैसी घटनाओं से बचने के लिए आधार कार्ड की जांच होनी चाहिए.



वीएचपी ने कहा कि लव जिहाद जैसी घटनाएं न हों पाए इसलिए गैर -हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगाना आवश्यक है. मुंबई के मालाड वेस्ट के डायमंड मार्केट के नवरात्रि उत्सव मंडल ने इस साल पूरे प्रांगण में ऐसे पोस्टर और बैनर लगाए है, जिसमें मुस्लिमों के बैन, लव जिहाद और हिन्दू वाहिनी के मैसेजेस लिखे हुए है. इन पोस्टर में साफ लिखा गया है कि लव जिहाद करने वाले मुस्लिमों की एंट्री बैन है, जो भी गरबा प्रेमी गरबा खेलने इस पंडाल में आएगा उसे एक तिलक लगाया जाएगा, मुख्यद्वार पर इस तिलक को गौमूत्र के साथ चंदन और कुमकुम में मिलाकर बनाया जाएगा.

बजरंग दल और विहिप का आरोप है कि गैर हिंदू खासकर मुस्लिम युवक नकली नाम से गरबा में आते हैं और हिंदू लड़कियों से दोस्ती कर उन्हें लव जिहाद के जाल में फंसाते हैं. संगठनों ने चेतावनी दी है कि अगर कोई मुस्लिम युवक गरबा में पकड़ा गया तो उसे तुरंत पुलिस को सौंपा जाएगा.

गरबा नवरात्रि पंडाल के आसपास मटन और मीट की दुकानों को बंद रखने की मांग भी की है और कहा है कि मीट की दुकानें जबरन बंद कराएंगे.

### गरबा-डांडिया कार्यक्रमों पर नया विवाद

नवरात्रि का त्यौहार आज से शुरू हो रहा है और यह 1 अक्टूबर तक मनाया जाएगा. मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई नवरात्रि मंडलों में इस बार बड़ा विवाद खड़ा हो गया है. बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने गरबा और डांडिया कार्यक्रमों के आयोजकों से कहा है कि पंडालों में केवल हिंदुओं को ही प्रवेश दिया जाए. संगठनों ने आयोजकों को कुछ नियम बताए हैं, जिसमें गरबा में आने वाले युवाओं से आधार कार्ड दिखाने को कहा जाए, प्रवेश से पहले सभी को तिलक लगवाकर देवी की पूजा करनी होगी, पंडाल के गेट पर वराह अवतार की तस्वीर रखी जाए और पूजा करने के बाद ही प्रवेश दिया जाना शामिल है.

# मुंबई में गड्ढे पर पॉलिटिक्स

## > कांग्रेस ने सीएम फडणवीस और बीएमसी को घेरा

**मुंबई.**




राजधानी मुंबई में गड्ढों की समस्या को लेकर सियासत गरमा गई है. आगामी बीएमसी चुनावों से पहले, कांग्रेस ने शहर की खराब सड़कों और गड्ढों को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और बीएमसी को निशाना बनाया है. कांग्रेस ने अनोखे अंदाज में सड़कों की खराब हालत को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला है. पार्टी ने शहर के कई गड्ढों का नाम नेताओं और मंत्रियों के नाम पर रखा है. यूथ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सूफियान हैदर अपने कार्यकर्ताओं के साथ अजीत ग्लास रोड जोगेश्वरी पश्चिम पहुंचे, इस दौरान उन्होंने गड्ढों के बगल में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मार्ग का बोर्ड लगा दिया, बोर्ड पर कर्टसी के आगे बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी का नाम भी लिखा हुआ है.

सूफियान हैदर ने आरोप लगाया कि पिछले चार साल से बीएमसी में चुनाव नहीं हुए हैं और पूरी सत्ता मुख्यमंत्री के हाथ में है. इसके बावजूद, मुंबई की सड़कों का हाल बेहाल है. प्रदर्शन के दौरान हैदर ने बीएमसी के बजट पर सवाल उठाते हुए कहा, बीएमसी का सालाना बजट 74,000 करोड़ रुपए है, जिसमें से सिर्फ सड़कों के लिए 3,500 करोड़ रुपए का बजट है. फिर भी सड़कें बनने के तीन महीने बाद ही टूट जाती हैं. इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि खराब सड़कों के कारण कई हादसे हुए हैं, जिनमें हजारों लोग घायल हुए और कई लोगों की मौत भी हुई है. कांग्रेस का कहना है कि अगर सरकार मुंबई को 'गड्ढा मुक्त' बनाने में विफल रही है, तो वे अब गड्ढों को नेता और मंत्रियों का नाम देकर इस समस्या को उजागर करेंगे. यह प्रदर्शन बीएमसी चुनाव से पहले सरकार पर दबाव बनाने और मुंबईकरों का ध्यान इस समस्या की ओर खींचने की एक कोशिश मानी जा रही है. इस 'गड्ढे पॉलिटिक्स' से मुंबई में राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है. गड्ढों पर खर्च की बात करें तो बीएमसी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अपने बजट में गड्ढों की मरम्मत के लिए 79 करोड़ आवंटित किए हैं, जबकि सड़कों के व्यापक कांक्रीटीकरण पर भी ज़ोर दिया गया है, जिसका लक्ष्य मुंबई को गड्ढा मुक्त बनाना है.

हालांकि, गड्ढों से निपटने के लिए पहले भी बड़ा बजट रखा गया था, फिर भी कुछ सड़कों पर अभी भी गड्ढे हैं. पहले के वर्षों में भी गड्ढों को भरने के लिए बड़े बजट रखे गए थे. उदाहरण के लिए, साल 2024 में मानसून से पहले सड़कों के गड्ढे भरने के लिए 110 करोड़ से अधिक खर्च किए गए थे. वहीं साल 2023 में मरम्मत लागत 25% तक बढ़ गई थी. बीएमसी गड्ढों से निपटने के लिए कांक्रीटीकरण और मरम्मत दोनों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, और गड्ढों की मरम्मत के लिए इस साल ₹79 करोड़ का बजट रखा गया है. हालांकि कई सालों में बड़े बजट के बावजूद, मुंबई की सड़कों पर गड्ढों की समस्या अभी भी बनी हुई है.

# यूपी एटीएस ने 3 युवकों को किया गिरफ्तार



**मुंबई.** उत्तर प्रदेश एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड (यूपी एटीएस) ने शनिवार को महाराष्ट्र के भिवंडी से 3 युवकों को गिरफ्तार किया है. आरोप है कि ये युवक फिलिस्तीन के लिए फंड इकट्ठा कर विदेश भेज रहे थे. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद अयान मोहम्मद हुसैन, अबु सुफियान तजम्मुल अंसारी और जैद नोतीयार अब्दुल कादिर के रूप में हुई है. पुलिस के मुताबिक, ये तीनों आरोपियों ने करीब 3 लाख रुपये इकट्ठा किए थे. ये रकम उत्तर प्रदेश में मौजूद उनके सहयोगियों के जरिए विदेश भेजी जा रही थी. अधिकारियों का कहना है कि यह लेन-देन पूरी तरह बिना किसी अनुमति के किया जा रहा था. एटीएस ने बताया कि शुक्रवार से ही तीनों की निगरानी की जा रही थी.

# आरक्षण केवल जरूरतमंदों के लिए होना चाहिए

## > राज्य में मराठा आंदोलन के बाद सुप्रिया सुले का बयान

**मुंबई.**

राज्य में मराठा आरक्षण आंदोलन के कुछ दिन बाद ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनएमसी) की सांसद सुप्रिया सुले ने शनिवार को कहा कि आरक्षण केवल उन लोगों के लिए होना चाहिए जिन्हें इसकी असल में आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति शिक्षित है और उसकी आर्थिक स्थिति अच्छी है तो फिर उसके लिए आरक्षण की मांग करना उचित नहीं है. सुले ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर उनका बच्चा मुंबई के अच्छे स्कूल में पढ़ रहा है तो शायद चंद्रपुर के किसी गरीब बच्चे को ऐसी शिक्षा की ज्यादा आवश्यकता है.



सुप्रिया सुले ने लोगों से इस मुद्दे पर खुलकर चर्चा करने की भी अपील की, उन्होंने कहा कि आइए हम सब इस पर बहस करें. हर मंच पर, कॉलेजों और समाज में इसे लेकर बातचीत होनी चाहिए. हमें जानना चाहिए कि आम जनता इस पर क्या सोचती है.

सुप्रिया सुले ने यह भी पूछा कि आरक्षण आर्थिक बैकग्राउंड पर आधारित होना चाहिए या जाति पर. इस दौरान दर्शकों के बीच सर्वे किया गया, जिसमें ज्यादातर लोग आर्थिक आधार पर आरक्षण के पक्ष में दिखाई दिए. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सुले ने कहा कि उन्हें युवा पीढ़ी खासकर जेन जेड के साथ जुड़ाव महसूस होता है और यही उन्हें प्रेरित करता है कि वह हर हितधारक की राय जानें. सुले की यह टिप्पणी महाराष्ट्र में हाल ही में हुए मराठा आरक्षण आंदोलन के कुछ दिनों बाद आई है.

कार्यकर्ता मनोज जरांगे और उनके समर्थकों ने मराठाओं के लिए नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग को लेकर पूरे महाराष्ट्र में बड़े विरोध प्रदर्शन किए थे. महाराष्ट्र सरकार ने उनकी ज्यादातर मांगें मान लीं, जिसमें योग्य मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र प्रदान करना भी शामिल था. इसके बाद इस महीने की शुरुआत में आंदोलन को वापस ले लिया गया.

# 'ऑपरेशन सिंदूर' पोस्ट हटाई

**मुंबई.** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए अटैक के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था. 7 मई को यह ऑपरेशन शुरू किया गया था. ऑपरेशन शुरू होने के बाद पुणे की एक 19 साल की छात्रा ने ऑपरेशन के खिलाफ एक पोस्ट किया था. बाद में पोस्ट डिलीट कर दिया गया था और माफी भी मांगी थी. अब छात्रा ने केस समाप्त करने के लिए याचिका दायर की थी. इसको लेकर अब बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मौखिक टिप्पणी की है. मामले की अगली सुनवाई अब 2 हफ्ते बाद होगी. कोर्ट ने कहा, 19 वर्षीय छात्रा के खिलाफ दर्ज केस को केवल इस आधार पर खत्म नहीं किया जा सकता कि उसने सोशल मीडिया पोस्ट डिलीट कर दी थी और माफी मांग ली थी. चीफ जस्टिस चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अंकहड़ की बेंच ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि आरोपी एक ब्राइट स्टूडेंट है और उसने एग्जाम में अच्छे नंबर हासिल किए हैं.

## आज का राशिफल

**मेष** - आज का दिन रिश्तों, करियर में उन्नति और वित्तीय योजना पर ध्यान केंद्रित करते हुए एनर्जी प्रदान करता है। फ्यूचर के लक्ष्यों की स्ट्रैटजी बनाने के लिए अच्छा समय है।

**वृषभ** - आज सेहत का ध्यान रखें। आपको अपने विचारों को अपनाने और इसे जीवन के सभी पहलुओं पर लागू करने के लिए मोटिवेट किया जाता है।

**मिथुन** - आज के दिन अपनी पर्सनल लाइफ में आप अपने पार्टनर के साथ अधिक पर्सनल कनेक्शन विकसित कर सकते हैं। यह पर्सनल जरूरतों पर फोकस करने का समय है।

**कर्क**- आज आपके करियर की गति धीमी नहीं होनी चाहिए। इन्स्पेक्ट करें कि क्या आपका वर्तमान काम आपके लॉंग टर्म लक्ष्यों को पूरा करता है।

**सिंह** - आज का दिन अपने जरूरी प्लांस बनाने के लिए शुभ है। अपने बॉस के सामने अपनी कमिटमेंट, काम का तरीका और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल को दिखाने का इससे बेहतर समय क्या हो सकता है?

**कन्या** - आज का दिन आपके सामाजिक जीवन में नई रुचि लाएगा। आपकी विभिन्न संस्कृति के लोगों से जुडने की क्षमता नए अवसर या पार्टनरशिप के लिए एक खुला द्वार है।

**तुला** - आज हो सकता है कि आप अचानक खुद को उत्सुकता के साथ असाइनमेंट पर काम करते हुए पाएं। आर्थिक लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

**वृश्चिक** - आज नेटवर्क बनाएं, अपनी स्किल्स का उदाहरण दें और प्रोजेक्ट्स पर पहल करने से न डरें। अपने पार्टनर के साथ सम्मान और संयम से व्यवहार करें।

**धनु** - आज के दिन डिटेल्स पर काम करने और चीजों को मैनेज करने में बिजी रहेंगे। किसी सम्मेलन, वेबिनार या यहां तक कि व्यावसायिक यात्रा के लिए प्रयास करें।

**मकर** - आज आप स्किल्स को बढ़ाने या नए मार्केट के बारे में अधिक जानने पर विचार करने के लिए उत्सुक हो सकते हैं। आज का मुख्य जोर आपके पर्सनल फाइनेंस के बढ़ते पक्ष पर है.

**कुंभ** - आज का दिन पर्सनल ग्रोथ और विस्तार की संभावनाओं से भरा है। विचारों को विकसित करने के लिए अपने सहकर्मियों के साथ बात करने और काम करने की अपनी क्षमता दिखाने का यह सही अवसर है।

**मीन** - आज के दिन फ्रेश एनर्जी के साथ अपने करियर की ओर बढ़ें। आपकी बिजनेस शुरू करने की भावना काफी बढ़ जाएगी।

# मुंबई-सोलापुर फ्लाइट का इंतजार खत्म

**सोलापुर.** सोलापुर के लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी है. मुंबई से सोलापुर के बीच जल्द ही सीधी विमान सेवा की शुरूआत होने जा रही है. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जानकारी देते हुए बताया कि मुंबई से सोलापुर के बीच एयर सर्विस की शुरूआत 15 अक्टूबर से शुरू हो जाएगी. इससे कनेक्टिविटी और बेहतर होगी और यात्रियों के समय की भी बचत होगी. सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बारे में जानकारी देते हुए लिखा, 'सोलापुर के लिए खुशखबरी. 15 अक्टूबर 2025 से मुंबई-सोलापुर हवाई सेवा शुरू हो जाएगी. इससे सोलापुर, मुंबई और अन्य शहरों से और भी बेहतर तरीके से जुड़ जाएगा, जिससे यात्रा में पहले से कहीं ज्यादा गति, सुविधा और सुरक्षा मिलेगी.

# मुंबई मराठी साहित्य संघ पर बीजेपी के कब्जे का आरोप

**मुंबई.** मुंबई में शिवसेना के नेता संजय राउत ने मराठी सांस्कृतिक संस्थाओं पर बीजेपी और बिल्डर लॉबी द्वारा कथित कब्जे पर तीखा हमला किया है. यूबीटी के मुखपत्र सामना में प्रकाशित अपने लेख 'रोखठोख: मराठी मुंबई का क्या होगा? साहित्य संघ का किला ढह रहा है!" के माध्यम से राउत ने सीधे सवाल उठाया कि क्या मुंबई के बिल्डर अब मराठी साहित्य संघ जैसी ऐतिहासिक संस्थाओं को भी अपने कब्जे में लेना चाहते हैं. मुंबई मराठी साहित्य संघ की स्थापना 1935 में डॉ. अमृत नारायण भालेराव द्वारा की गई थी और यह मराठी भाषा, साहित्य और कला के संरक्षण का प्रमुख केंद्र रहा है.

राउत ने आरोप लगाया कि हाल के चुनावों में डुप्लिकेट वोटिंग और अन्य अनियमितताओं के माध्यम से साहित्य संघ में बीजेपी के समर्थक मतदाता शामिल हुए. लेख में राउत ने मंगलप्रभात लोढ़ा और गौतम अडानी जैसी संपन्न व्यक्तियों के मुंबई में भूखंडों पर नियंत्रण का मुद्दा उठाया. कहा गया कि साहित्य संघ, मुंबई मराठी ग्रंथ संग्रहालय और 'बेस्ट' कामगार सेना जैसी संस्थाओं में बीजेपी पोषित बिल्डरों की नजरें हैं. 'बेस्ट' चुनाव में भी 12,500 मत पड़े, जिसमें कई अवैध और खरीदे गए वोट शामिल थे. राउत ने बताया कि बिल्डर प्रसाद लाड ने गरीब कर्मचारियों को पांच-पांच हजार रुपये देकर वोट खरीदे और मराठी मतदाताओं को विभाजित किया. उनका आरोप है कि ये सभी प्रयास मराठी संस्थाओं की जमीन और अधिकार हथियाने की रणनीति का हिस्सा हैं. संजय राउत ने कहा कि मुंबई मराठी संस्कृति और रंगमंच का केंद्र रहा है.

**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 6142 Dt. 29/08/25

IN THE COURT OF 3rd JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 516

M.J.C. Case No. 847/2025

Fixed For 29/09/2025

Applicant : 1) Lata Shyamsundar Laddha, 2) Fulkuwar Kunjilal Maheshwari, 3) Deepak Kunjilal Maheshwari, 4) Krishnakumar Kunjilal Maheshwari

--Versus--

Non-Applicants:Nil

Name of Deceased : 1) Kunjilal Shivkisandas Maheshwari, Died On: 15/12/2024, R/o 201 Nector Residency Near Shankar School, Deo Nagar, Nagpur-440015

Whereas Kunjilal Shivkisandas Maheshwari, Died On: 15/12/2024, R/o 201 Nector Residency Near Shankar School, Deo Nagar, Nagpur-440015 and Whereas Lata Shyamsundar Laddha & Oth. has presented an application to this Court for grant of Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants Lata Shyamsundar Laddha & Oth. as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of 3rd Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur on 29th Day of Sept., 2025 at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, that 28th day of August, 2025.

Seal — By order of the Court, Asstt. Supdt. (T.W.), Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.

Prasanna Publicity 09326927622

**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 17462 Date 11.09.25

IN THE COURT OF CIVIL JUDGE SR. DN., NAGPUR. (M.S.) ROOM No. 719

M.J.C. Case No. 811/2025

Fixed For 29/09/2025

Applicants : 1) Rekha Madhusudan Sapkal -Versus -

Non Applicants: Kishor Vishvnath Bind

Name of Deceased: Late Vishvanath Chandrakant Bind, Died On 15/04/1998, R/o Quuarter No. 36/2, Near Royal Coputers, Raje Raghuji Nagar, Hanuman Nagar, Nagpur.

Whereas Late Vishvanath Chandrakant Bind, Died On 15/04/1998, R/o Quuarter No. 36/2, Near Royal Coputers, Raje Raghuji Nagar, Hanuman Nagar, Nagpur. Died on Nagpur and Whereas Rekha Madhusudan Sapkal has presented an application to this Court for grant of Legal Heir Certificate Under Clause 2 of Bombay Regulation VIII of 1827.

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants Rekha Madhusudan Sapkal as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of Civil Judge Sr. Dn., Nagpur on 29th Day of Sept., 2025 at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate on Legal Heir of the said deceased. Given under my hand and the seal of the court, this day of 11th day of Sept., 2025.

Seal — By order of the Court, Asstt. Supdt. (T.W.), Court of Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.

Prasanna Publicity 09326927622




## मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस




**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

**विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088**

# गरबा में गैर हिंदुओं की एंट्री नहीं?

## > 'कंप्यूटर बाबा' ने रख दी ये शर्त

**भोपाल.**



विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) की ओर से गरबा आयोजनों में सिर्फ हिंदुओं के प्रवेश को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है.

गैर-हिंदुओं को गरबा पंडालों से दूर रखने की बात कही गई है. इस बीच षड्दर्शन संत समिति के अध्यक्ष कंप्यूटर बाबा ने भी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं गरबा में सिर्फ वे लोग आएं जो 9 दिनों तक माता का उपवास रखते हैं, उन्हें अपनी बहनों के साथ आना चाहिए.

कंप्यूटर बाबा ने गरबा में अश्लीलता के सवाल पर भी अपनी बात रखी. मध्य प्रदेश के गुना में मीडिया से बातचीत में षड्दर्शन संत समिति के अध्यक्ष कंप्यूटर बाबा ने कहा, ''हमने पहले भी बोला था कि हमारे सनातन जो हैं, हमलोग बराबर चाहते हैं कि वो गरबा में सभी आएं लेकिन वो आएं जो नौ दिन उपवास रहें. अपनी बहनों के साथ आएं और गाय के प्रति आस्था रखें. ऐसे लोग जिनकी संस्कृति है, ऐसा न हो कि किसी प्रकार की उदंडता करने वाले हों.'

उन्होंने कहा, सनातन की हमारी संस्कृति है, उसमें ऐसा नहीं है कि कोई भी आ जाए. बाकी दूसरे के लिए इसलिए वर्जित है क्योंकि गौ, संस्कृति और माता के प्रति उनकी आस्था नहीं है. माता का उपवास 9 दिन रखिए तो आइएगा. हमारे सनातन के नियम का पालन करना पड़ेगा, तभी आपको एंट्री मिलेगी.'

### गरबा में अश्लीलता बर्दाश्त नहीं- कंप्यूटर बाबा

गरबा में अश्लीलता के सवाल पर कंप्यूटर बाबा ने साफ तौर से कहा, 'किसी भी प्रकार की अश्लीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. अगर ऐसा कोई करता हुआ पाया जाएगा तो मैं मध्य प्रदेश सरकार से चाहूंगा कि कड़े कानून और नियम बनाकर तुरंत ऐसे लोगों को बाहर किया जाए.' बता दें कि नवरात्रि को लेकर देशभर में तैयारियां की हैं. इस बार शारदीय नवरात्र आज से शुरू हो रहा है. इस दौरान मां दुर्गा के 9 अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है. कई जगहों पर गरबा खेलने की परंपरा है.

# मालगाड़ी में लोड थे आर्मी ट्रक, लगी आग

**उज्जैन.**

मध्य प्रदेश के उज्जैन में रेलवे स्टेशन के यार्ड के पास आर्मी की स्पेशल मालगाड़ी में लोड ट्रक में भीषण आग लग गई. मालगाड़ी से अचानक धुआं उठता देख फौरन उज्जैन स्टेशन पर रोकी गई. बताया जा रहा है कि सेना की गाड़ियों को कवर करने के लिए कपड़ा डाला गया था.

मगर कपड़ा ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टच हो गया, जिससे आग लग गई. यह देख रेलवे स्टेशन में हड़कंप मच गया. आरपीएफ और रेलवे की टीम को फौरन हादसे की सूचना दी गई. मौके पर पहुंची रेलवे की टीमों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया.

फिलहाल मालगाड़ी को उज्जैन रेलवे स्टेशन पर सुरक्षित खड़ा किया गया है. घटना में कोई जनहानि नहीं हुई.जानकारी के मुताबिक, आर्मी की स्पेशल मालगाड़ी भोपाल से जोधपुर जा रही थी. इसमें सेना के जवान और आर्मी के करीब एक दर्जन लोडेड ट्रकों में सामान ले जाया जा रहा था. मालगाड़ी रविवार सुबह करीब 9.30 बजे उज्जैन यार्ड के पास पहुंची थी. यहां सेना के जवानों ने धुआं उठता देख उज्जैन स्टेशन प्रबंधन को अलर्ट किया. स्टेशन पर पहुंचते ही ट्रक पर ढके कपड़े में आग लग गई, जो धीरे-धीरे ट्रक तक जा पहुंची. हादसे की सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे आरपीएफ और रेलवे कर्मचारियों ने आग बुझाना शुरू किया. आरपीएफ टीआई नरेंद्र यादव ने बताया कि भोपाल से जोधपुर जा रही आर्मी स्पेशल मालगाड़ी में लोड ट्रक में संभावित टेक्निकल त्रुटि के कारण आग लगी थी. आग से 2 नंबर लाइन की ओएसी टूट गई. हालांकि, जानमाल का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है.






# भूकंप के झटकों से कांपा पूर्वोत्तर

## > मेघालय भी हिला

**ढाका.**



भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में रविवार को भूकंप का झटका महसूस किया गया, जिससे देश के मेघालय राज्य तक धरती हिल गई। हालांकि, राहत की बात यह है कि इससे कोई नुकसान नहीं हुआ। बांग्लादेश में रविवार को चार तीव्रता का भूकंप का झटका आया है। बांग्लादेश में भूकंप आने के बाद इसके झटके मेघालय में भी महसूस किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बांग्लादेश से लगती मेघालय की सीमा के पास भारतीय समयानुसार पूर्वाह्न 11.49 बजे भूकंप महसूस किया गया। उन्होंने कहा कि मेघालय में किसी भी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है।

वहीं, गुजरात के कच्छ में भी रविवार को भूकंप का झटका महसूस किया गया। यहां 3.1 तीव्रता का भूकंप आया। आईएसआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भूकंप दोपहर 12 बजकर 41 मिनट पर आया और इसका केंद्र भचाऊ से लगभग 12 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में था। सुबह लगभग छह बजकर 41 मिनट पर भी कच्छ में 2.6 तीव्रता का भूकंप आया था। सुबह आए भूकंप का केंद्र धोलावीरा से 24 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व में था।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि इसमें जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। कच्छ जिला 'अत्यधिक जोखिम' वाले भूकंपीय क्षेत्र में स्थित है, जहां कम तीव्रता के भूकंप नियमित रूप से आते रहते हैं। कच्छ में वर्ष 2001 में आया भूकंप पिछली दो शताब्दियों में भारत का तीसरा सबसे बड़ा और दूसरा सबसे विनाशकारी भूकंप था। साल 2001 में आए भूकंप में लगभग 13,800 लोगों की मौत हो गई थी और 1.67 लाख लोग घायल हुए थे।

# सड़क पर मौत का कहर


## > कार ने ली मासूमों की जान

**बिलासपुर.**

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है. यह घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के वेयरहाउस रोड पर हुई, जहां तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने सड़क किनारे चल रही दो युवतियों को जोरदार टक्कर मार दी. पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जो अब सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रही है. जानकारी के अनुसार, हादसे के वक्त कार का चालक मोबाइल फोन पर बात कर रहा था और लापरवाही से वाहन चला रहा था. अचानक कार ने नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे चल रही दोनों युवतियों को सीधे टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज़ थी कि दोनों युवतियां सड़क पर दूर तक जा गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं. आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है डॉक्टरों के मुताबिक, दोनों युवतियों को सिर और पैरों पर गंभीर चोटें आई हैं और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है. हादसे के बाद स्थानीय लोग काफी आक्रोशित दिखे. उनका कहना है कि शहर में बढ़ती लापरवाह ड्राइविंग और मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना आम हो गया है, जिसके कारण आए दिन इस तरह के हादसे हो रहे हैं. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार और उसके चालक की पहचान कर ली है. फिलहाल चालक पुलिस की जांच के घेरे में है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी चल रही है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि लापरवाही से गाड़ी चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके.

# शराब के नशे में निर्वस्त्र महिला थाने पहुंची

**आगरा.**




उत्तर प्रदेश के आगरा से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक महिला ने पुलिस चौकी के सामने जमकर हंगामा किया. महिला घर से बस अपने शरीर पर एक चादर लपेटकर चौकी आई. चौकी के बाहर आते ही उसने वो भी उतारकर फेंक दी. महिला के द्वारा ऐसी हरकत करने पर पुलिसकर्मी घबरा गए. फिर चौकी के भीतर से चादर लेकर आए और महिला को लपेटी.

इसके बाद दो युवतियों की सहायता से महिला को चौकी के अंदर बिठाया गया. महिला का हंगामा चौकी में लगभग आधे घंटे चला. महिला नशे में थी. वो एक दारोगा से भी उलझ गई. ये पूरी घटना आगरा के ताजगंज थाने की विभग नगर चौकी की बताई जा रही है. घटना गुरुवार रात की है. जानकारी के अनुसार, महिला की उम्र 30 साल है. वो एक हफ्ते पहले ही चौकी के पास एक मकान में किराए पर रहने आई है.

महिला का पति मजदूरी करता है. उसके पति की उम्र 55 साल के आसपास है. महिला के पांच बच्चे हैं. महिला को शराब पीने की लत है. महिला का पति उसकी इस आदत से परेशान है. महिला का पति से घर पर झगड़ा हुआ था. पति ने उसे शराब पीने से रोका तो महिला को गुस्सा आ गया और वो अपने शरीर पर सिर्फ एक चादर लपेटकर और एक बच्ची को साथ लेकर चौकी आ गई. महिला चौकी के बाहर हंगामा करने लगी. इसी दौरान उसके शरीर पर लिपटी चादर भी खुल गई.

पुलिस ने जैसे-तैसे स्थिति संभाली. कुछ देर बाद महिला का पति भी पुलिस चौकी पहुंच गया. पहले महिला ने पति पर मारपीट करने का आरोप लगाया, लेकिन फिर पति ने पुलिस को बताया कि पत्नी ही हंगामा और मारपीट करती है. इसके बाद पुलिस ने महिला के पति को घर भेजा. महिला का पति उसके कपड़े लेकर आया.

फिर चौकी की लाइट बंद करके उसको दो महिलाओं ने कपड़े पहनाए. कपड़े पहनने के बाद वो और गुस्से से लाल हो गई. फिर एक दारोगा से उलझ गई. उससे कहा कि अब पुलिस पैसों की मांग करेगी. पुलिस ने महिला को समझाया. बाद में वो अपने पति के साथ घर चली गई.

# ट्रैक पर कुड़मी समाज का उग्र प्रदर्शन

## > दूधमुंहे बच्चों के साथ पहुंची महिलाएं

**रांची.**



झारखंड के सरायकेला जिले में कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल करने की मांग को लेकर भारी प्रदर्शन हुआ. हावड़ा-मुंबई रेल मार्ग पर प्रदर्शनकारियों ने सीनी रेलवे स्टेशन के पास रेल ट्रैक पर बैठकर अपना धरना शुरू कर दिया. इस दौरान कई महिलाएं अपने दूध मुहे बच्चों के साथ भी मौजूद रहीं.

प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई, लेकिन उग्र रूप से आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों के सामने पुलिस ने घुटने टेक दिए. पुलिस ने पूरे क्षेत्र में धारा 144 लागू की थी और दावा किया था कि किसी भी प्रदर्शनकारी को ट्रैक तक नहीं आने दिया जाएगा. बावजूद इसके प्रदर्शनकारी रेलवे ट्रैक तक पहुंच गए और रेल सेवा बाधित हो गई.

धरने में शामिल नवीन महतो ने कहा कि कुड़मी जाति पहले एसटी में शामिल थी, लेकिन कुछ षड्यंत्र के तहत इसे एसटी सूची से हटा दिया गया. उन्होंने बताया कि उनकी मांग सालों से केंद्र और राज्य सरकार के सामने रखी जा रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई. उन्होंने कहा, "हम अपनी मांग को लेकर अब और इंतजार नहीं कर सकते.

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह आंदोलन अब उग्र रूप ले चुका है. आंदोलन की शुरुआत 'रेल टेको' के नाम से हुई और इसे अनिश्चितकालीन घोषित कर दिया गया है. प्रदर्शनकारी रेल रोकने के साथ-साथ अपने हक की लड़ाई को भी लगातार जारी रखने का ऐलान कर चुके हैं. हालांकि आंदोलन उग्र दिख रहा है, लेकिन इसमें महिलाओं और बच्चों की बड़ी संख्या देखी गई. कुछ लोग इस धरने को शांतिपूर्ण संघर्ष बता रहे हैं, जबकि रेलवे अधिकारियों और पुलिस के लिए यह बड़ी चुनौती बन गया है.स्थानीय रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रेल मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है, जिससे हावड़ा-मुंबई मार्ग पर कई ट्रेनें रुक गई हैं.

धरने में 500 से अधिक लोग शामिल हैं. पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारियों की संख्या कम होने के बावजूद उनका उत्साह और जुझारूपन पुलिस को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया.

# शारदीय नवरात्र के दौरान मांस-मछली-अंडे की बिक्री पर रोक

## > आदेश नहीं माना तो होगा एक्शन

**नई दिल्ली.**



शारदीय नवरात्र की शुरुआत आज से होने जा रही है. वहीं इसके मद्देनजर मैहर जिला प्रशासन ने आदेश जारी करते हुए मांस मछली और अंडे की बिक्री पर रोक लगा दी है. इस आदेश को न मानने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी. आदेश में कहा गया है कि धार्मिक पवित्रता बनाए रखने और श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए ये फैसला लिया गया है. दरअसल, शारदीय नवरात्र के इस खास मौके मां देवी दुर्गा के मंदिरों में भक्तों का जनसैलाब उमड़ता है. इस बीच मध्य प्रदेश के मैहर जिले से में शारदीय नवरात्र पर्व के मद्देनजर श्रद्धालुओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने मांस, मछली और अंडे की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है. एसडीएम दिव्या पटेल ने आदेश जारी करते हुए कहा कि नवरात्रि के दौरान धार्मिक पवित्रता बनाए रखने और श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करने के लिए यह प्रतिबंध लगाया गया है. इस दौरान शहर में किसी भी स्थान पर मांस, मछली और अंडे की बिक्री नहीं की जाएगी.

बता दें कि इस आदेश में कहा गया है, बीएनएसएस 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 22 सितंबर, 2025 से 1 अक्टूबर, 2025 की मध्यरात्रि तक पूरे मैहर नगरपालिका में मांस, मछली और अंडे की खरीद और बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है. नवरात्रि के दिनों के दौरान अधिकतर लोग व्रत रखकर मां शारदा की आराधना करते हैं.

ऐसे में सनातन धर्म के मुताबिक इन दिनों केवल सात्विक भोजन ही किया जाता है. व्रत रख रहे लोग मांसाहारी पदार्थ को देखना भी अशुभ माना जाता है भक्तों की श्रद्धा और आस्था को किसी भी प्रकार की कोई ठेस न पहुंचे इसीलिए प्रशासन ने यह फैसला किया है.

# उत्तराखंड में लोगों को बारिश से राहत

**नई दिल्ली.**



उत्तराखंड में पिछले कई दिनों से जारी भारी बारिश से अब लोगों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है. मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार अगले तीन दिनों तक प्रदेशभर में मौसम साफ रहने की संभावना है. हालांकि पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की फुहारें गिर सकती हैं, लेकिन किसी भी बड़े बारिश के दौर की चेतावनी फिलहाल नहीं दी गई है. वहीं मैदानी इलाकों की बात करें तो वहां पर मौसम शुष्क बना रहेगा. जिससे वहां रहने वाले लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिलने की संभावना है. पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार (23 सितंबर) तक प्रदेशभर में मौसम साफ रहेगा, लेकिन बुधवार (24 सितंबर) को पर्वतीय क्षेत्रों में एक बार फिर तेज बारिश हो सकती है. ऐसे में प्रशासन को सतर्क रहने की जरूरत है. उत्तराखंड में इस बार मानसून सामान्य से काफी अधिक सक्रिय रहा है. जहां आमतौर पर पूरे एक महीने में जितनी बारिश होती है, उससे ज्यादा बारिश सिर्फ 19 दिनों में हो चुकी है. प्रदेश में अब तक सामान्य से 70 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज की गई है. सबसे ज्यादा बारिश बागेश्वर में हुई है, इसके बाद देहरादून का नंबर आता है. एक से 19 सितंबर के बीच देहरादून में 446.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है, जो सामान्य से 160 फीसदी अधिक है. पिछले दस वर्षों में सितंबर में सबसे ज्यादा बारिश वर्ष 2019 में हुई थी, तब 489.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी. मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर बारिश का यह सिलसिला जारी रहा तो इस बार देहरादून में पिछले रिकॉर्ड को भी पार कर सकती है. हालांकि हर कोई अब मानसून की विदाई का इंतजार कर रहा है, लेकिन मौसम विभाग के अनुसार इसकी विदाई 30 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच हो सकती है. आमतौर पर इस समय के दौरान ज्यादा बारिश नहीं होती, लेकिन इस साल विदाई से पहले ही मानसून ने रिकॉर्ड तोड़ बारिश कर दी है.

# मुस्लिम देश में लाउडस्पीकर बैन की मांग तेज

## > जनता ने जताई नाराज़गी

**काबुल.**



अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में इन दिनों लाउडस्पीकरों का शोर लोगों की नींद और शांति चुरा रहा है। जो कभी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा था, अब वो पर्यावरण और समाज के लिए बड़ी समस्या बन चुका है। स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से सड़क पर ठेला लगाने वाले विक्रेताओं के लाउडस्पीकरों पर सख्त पाबंदी लगाने की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि इनके लगातार चिल्लाने से सार्वजनिक जगहें शोर-शराबे और अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई हैं।

काबुल के रहने वाले उमर ने टोलो न्यूज को बताया कि सुबह के ठीक 6 बजे से ही ये लोग मिनरल वाटर बेचने के लिए तेज आवाज में चिल्लाने लगते हैं, बिना ये सोचे कि घर में कोई मरीज तो नहीं सो रहा। ये सिलसिला शाम तक चलता रहता है। वहीं, एक अन्य निवासी फिरोज ने शिकायत की कि ये लाउडस्पीकर रात के 9-10 बजे तक गूंजते रहते हैं। उन्होंने सरकार से इनके इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग की। एक और व्यक्ति ने सुझाव दिया कि कम से कम आवाज की तीव्रता कम करें या इन्हें सिर्फ तय इलाकों तक सीमित रखें।

दूसरी तरफ, अधिकारी भी इस समस्या को मानते हैं, लेकिन कहते हैं कि पुरानी आदतें बदलना आसान नहीं। टोलो न्यूज से बातचीत में एक नगर निगम अधिकारी ने कहा कि हमने पहले ही हजारों लाउडस्पीकर जब्त कर लिए हैं और लोगों से सहयोग की अपील कर रहे हैं। काबुल म्युनिसिपल के प्रतिनिधि नेमतुल्लाह बरकजई ने बताया कि हम दो स्तरों पर काम कर रहे हैं। पहला है सांस्कृतिक जागरूकता। हम स्कूलों, जिलों, मोहल्लों और मस्जिदों में कार्यक्रम चला रहे हैं, ताकि लोगों को समझाया जा सके कि ध्वनि प्रदूषण कितना खतरनाक है।

अधिकारियों का कहना है कि काबुल की बाजार संस्कृति में शोर घुल-मिल गया है, इसलिए इसे जड़ से उखाड़ना मुश्किल है। पहले कुछ लोगों ने सलाह दी थी कि विक्रेता लिखित दामों की तख्तियां लगाकर लाउडस्पीकर से बचें। इन अपीलों के बावजूद शहर में ध्वनि प्रदूषण अब भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

# अमेरिका में गुजराती महिला की हत्या

**वाशिंगटन.**




अमेरिका के साउथ कैरोलीना में गुजराती महिला किरन पटेल की हत्या के मामले में एक 21 साल के संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम जायेदान मैक हिल बताया गया है। बता दें कि 16 सितंबर को किरन पटेल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी ने एक ही दिन में दो लोगों पर गोली चलाई थी।

पुलिस ने बताया कि 16 सितंबर को ही साउथ माउंटेन स्ट्रीट में एक शख्स पर गोली चलाई गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक उसी दिन आरोपी ने किरन पटेल पर भी हमला किया। वह एक फूड मार्ट की पार्किंग में थीं। जानकारी के मुताबिक वह गैस स्टेशन की मैनेजर थीं और उस वक्त कैश गिन रही थीं।

आरोपी कैश रजिस्टर पर चढ़ गया और किरन पटेल को गोली मार दी। वह कैश लूटने के इरादे से आया था। किरन पटेल ने उसपर प्लास्टिक की कोई चीज मारी और भागने की कोशिश की। किरण पार्टिंग लॉट की तरफ भागीं। तभी आरोपी ने उन्हें गोली मार दी। वह वहीं पर गिर गईं और मौत हो गई। लुटेरा पहले वहां से भागने लगा लेकिन फिर वापस लौटा और जमीन पर पड़ी किरन पर एक बार फिर फायर किया।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो आसानी से हिल की पहचान कर ली गई। इसके बाद पुलिस साउथ चर्च स्ट्रीट स्थिति उसके घर पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हत्या के आरोप में उसे जेल भेज दिया गया है।

बता दें कि अमेरिका में भारतीयों की हत्या के कई मामले सामने आ चुके हैं। बीते दिनों एक भारतीय होटल मैनेजर का सिर काटकर हत्या कर दी गई थी। वहीं अमेरिका में ही एक भारतीय इंजीनियर की पुलिस की गोली से मौत हो गई।

# वीजा शुल्क बढ़ोत्तरी पर भड़के अखिलेश

## > विदेश नीति पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली.**




समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अमेरिका द्वारा वीजा शुल्क बढ़ाने पर भाजपा सरकार पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में भारत की विदेश नीति में आपातकाल लग गया है. यह सरकार देश को मनमाने टैरिफ और वीजा शुल्क से बचाने में पूरी तरह से विफल रही है. उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि यह सरकार विदेशों में रह रहे भारतीयों को हिंसक हमलों से बचा नहीं पा रही है. इसमें भी वह विफल रही है.

अखिलेश यादव ने सोशल साइट एक्स पर लिखा कि भाजपा के शासनकाल में विदेश नीति में इमरजेंसी लग गई है. यह सरकार देश को मनमाने टैरिफ और मनमाने वीजा शुल्क से बचाने में पूरी तरह से फेल रही है.

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश की ऐतिहासिक गुटनिरपेक्षता नीति का पालन करने और पड़ोसी देशों के साथ संबंध बनाए रखने में असफल रही है.अखिलेश यादव ने कहा कि प्रवासी भारतीयों को हथकड़ी, बेड़ियों, सार्वजनिक अपमान का सामना करना पड़ रहा है.

यह सरकार हिंसक हमलों से बचाने में असफल रही है. आतंकवाद के मामले में कोई भी देश भारत के साथ खड़ा नहीं हुआ है. भाजपा सरकार ने विदेश नीति को पूरी तरह से ताक पर रख दिया है. समाजवादी पार्टी प्रमुख ने अमेरिका द्वारा एच1-बी वीजा शुल्क में की गई बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की, जिससे कई भारतीयों के प्रभावित होने की आशंका है. उन्होंने कहा,आपकी विदेश नीति विदेशों में विफल रही है. आपकी आर्थिक नीतियां विफल रही हैं. आप रिश्ते बनाने में विफल रहे हैं.

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत एच-1बी वीज़ा की फीस सालाना 1,00,000 अमेरिकी डॉलर (88 लाख रुपये) तक बढ़ जाएगी. आव्रजन पर नकेल कसने के ट्रंप प्रशासन के इस नए कदम से हजारों भारतीय पेशेवरों पर असर पड़ने की संभावना है.

### वीजा शुल्क में इजाफे पर विवाद

यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी हमला बोला और आरोप लगाया कि वह लोगों के हाथों में किताबें नहीं, बल्कि बंदूकें चाहते हैं. उन्होंने कहा कि भारतीयों को वीजा में राहत तभी मिलेगी जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सत्ता से बाहर हो जाएगी.

# शाहरुख का नया लुक वायरल

इस वक्त दो खान अपनी फिल्मों की तैयारियों में जुट गए हैं. एक ओर जहां सलमान खान एक शेड्यूल खत्म कर लौटे हैं. तो दूसरी ओर शाहरुख खान भी बेटे की डेब्यू सीरीज स्ट्रीम होने के बाद काम पर लग गए हैं. आर्यन खान की 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के लिए उन्हें काफी तारीफ मिल रही है. जिसके बाद वो पोलैंड लौट गए, जहां पूरी टीम मौजूद है. बीते दिनों दीपिका पादुकोण ने एक तस्वीर शेयर कर जानकारी दी थी. इधर शूट दोबारा शुरू ही हुआ था कि बड़ी तस्वीरें लीक हो गईं. अब डायरेक्टर साहब इसे कैसे रोकेंगे, यह जानने से पहले तीनों ही तस्वीरें देख लीजिए.



शाहरुख खान की लीक तस्वीर के अलावा सुहाना खान भी नजर आईं. वो ब्राउन टॉप एंड क्रीम पैंट पहने दिखीं. यह एकदम वैसा ही लुक है, जैसी उनकी पहली तस्वीर पोलैंड से सामने आई थी. यानी ड्रेस में बदलाव है, लेकिन लुक, हेयरस्टाइल लगभग वैसा ही है. इसी फिल्म से सुहाना थिएट्रिकल डेब्यू करने जा रही हैं. यह भी जानकारी मिली है कि शाहरुख खान ने दीपिका और बेटी सुहाना के साथ हाई ऑक्टेन सीन शूट किया है. वहीं फिल्म में अभिषेक बच्चन भी है, जो विलेन बनने वाले हैं. अब एक्टर की एक तस्वीर इंटरनेट पर वायरल है.दरअसल अभिषेक बच्चन भी पोलैंड पहुंच गए हैं, ऐसी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए मिल रही है. उनका कोट-पैंट में लुक सामने आया है. जो एकदम शाहरुख खान जैसा है. सफेद दाढ़ी, न्यू हेयर स्टाइल में अभिषेक बच्चन काफी जच रहे हैं. एक्टर के हाथ यह एक बड़ी फिल्म लगी है, जिसमें मेन विलेन वो ही होंगे, जो शाहरुख खान से भिड़ने वाले हैं. बीते दिनों उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई थी, जिसमें काफी कूल लुक में नजर आ रहे थे.



# अक्षय-सैफ की फिल्म में कौन?

कई सालों से अक्षय कुमार जैसी वापसी की तलाश में थे, वो काम 'जॉली एलएलबी 3' ने उनके लिए कर दिया. फिल्म को जबरदस्त प्यार मिल रहा है, जिसने दो दिन में धांसू कलेक्शन कर लिया है. अगर इस हफ्ते यह रफ्तार थोड़ी भी बढ़ेगी, तो फिर जल्द 100 करोड़ भी कमा लेगी. इसके अलावा वो कई और फिल्मों पर काम कर रहे हैं.अक्षय कुमार और सैफ अली खान एक शेड्यूल कंप्लीट भी कर चुके हैं. जहां उनके साथ सैयामी खेर भी मौजूद थीं. अब फिल्म में एक बड़ी एंट्री हो गई है. जिसकी जानकारी खुद प्रियदर्शन ने दी है.'हैवान' में अक्षय कुमार और सैफ अली खान लीड रोल में होंगे. वहीं जिस फिल्म पर दोनों काम कर रहे हैं, वो मलयालम पिक्चर ओप्पम का रीमेक है. जिसे प्रियदर्शन ने ही बनाया था. साथ ही मोहनलाल लीड रोल में थे. दरअसल फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था. अब डायरेक्टर ने एक इंटरव्यू में बड़ा ऐलान कर दिया है. प्रियदर्शन ने कंफर्म करते हुए बताया कि फिल्म में मोहनलाल कैमियो करते नजर आएंगे. दरअसल डायरेक्टर से सवाल किया गया था कि मोहनलाल और अक्षय कुमार के साथ कोई फिल्म बनाने का प्लान कर रहे हैं. जिसपर उन्होंने अपडेट दिया कि वो किसी भी एक्टर को लाने के लिए फिल्में नहीं बनाते हैं. बल्कि खुद कंफर्म किया कि मोहनलाल का फिल्म 'हैवान' में कैमियो होगा. प्रियदर्शन ने कहा कि- मुझसे आप अगर 'हैवान' को लेकर सवाल कर रहे हैं, तो मोहनलाल उस फिल्म में हैं. लेकिन वो कौन सा किरदार निभाएंगे, यह वो फिलहाल बताना नहीं चाहते

# बैटल ऑफ़ गलवान की शूटिंग में घायल हुए सलमान

बॉलीवुड इंडस्ट्री के सुपरस्टार सलमान खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग लद्दाख में कर रहे थे. उनके फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. एक्टर को लेकर खबर आ रही है कि वह फिल्म की शूटिंग के दौरान घायल हो गए हैं. हालांकि, सलमान खान ने चोटिल होने के बाद फिल्म की शूटिंग को जारी रखा और अपना शेड्यूल पूरा किया. इसके बाद वह मुंबई लौट आए हैं और ब्रेक लेने के बाद फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का अगला शेड्यूल शुरू करेंगे. आइए जानते हैं कि सलमान खान को लेकर पूरी जानकारी क्या है.



सलमान खान और क्रू ने लद्दाख में माइनस 10 डिग्री से कम तापमान में फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग की. एक्टर ने चोट लगने और कम ऑक्सीनजन लेवल के बावजूद परिस्थितियों का सामना किया. फिल्म के लगभग 45 दिनों की शूटिंग लद्दाख में असली जगहों पर की गई और सलमान खान अपने हिस्से के लिए 15 दिनों तक सेट पर रहे. लद्दाख में फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बाद सलमान खान मुंबई में शेड्यूल की शूटिंग की तैयारी शुरू करने वाले हैं. इस शेड्यूल में हाई लेवल एक्शन के साथ इमोशनल सीन्स भी होने वाले हैं. एक्टर को चोट लगने की वजह से ये शेड्यूल अगले हफ्ते तक टाल दिया गया है. सलमान खान मुंबई शेड्यूल पर वापस लौटने से पहले अगले हफ्ते आराम करेंगे.सलमान खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' के अलावा कुछ और मूवीज काम करते दिखाई देंगे. इस फिल्म को देखने के लिए फैंस उत्सुक हैं. बताते चलें कि सलमान खान पिछली बार फिल्म 'सिकंदर' में नजर आए थे.

# शो में कीकू और आदित्य नारायण की तीखी बहस

रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' इन दिनों एंटरटेनमेंट की दुनिया में खूब धूम मचा रहा है. इसके प्रोमो वीडियोज आते वायरल हो जाते हैं, इसी बीच शो का नया प्रोमो सामने आया है, जिसके आते ही इंटरनेट पर तहलका मचा गया है. दरअसल, इस क्लिप में न सिर्फ कंटेस्टेंट्स के बीच तीखी-नोक-झोंक देखने को मिली, बल्कि कॉमेडियन कीकू शारदा और होस्ट और सिंगर आदित्य नारायण आपस में भिड़ते नजर आए. इस लड़ाई ने दर्शकों की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है और अब हर कोई यह जानने के लिए बेताब है कि शो में आखिर क्या हुआ है.प्रोमो की शुरुआत में कीकू शारदा अपनी नाराजगी जाहिर करते दिखते हैं. वह कहते हैं कि जिस तरह से कुछ कंटेस्टेंट्स खेल रहे हैं, उन्हें वह बिल्कुल पसंद नहीं है. उनका मानना है कि कुछ लोग वर्कर्स को ऊपर नहीं आने देना चाहते. उनकी इस बात पर धनश्री असहमत होती हैं और कहती हैं कि ऐसा नहीं है. कीकू की निराशा से एक बात तो साफ होती है, कि शो में गुटबाजी शुरू हो चुकी है और 'राइज एंड फॉल' अब सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक जंग का मैदान बन चुका है. हालांकि, सबसे बड़ा



बवाल तब हुआ, जब कीकू शारदा और आदित्य नारायण आमने-सामने आए. कीकू ने आदित्य से कहा कि मजाक के नाम पर किसी के साथ बदतमीजी नहीं करनी चाहिए. इस पर आदित्य ने तुरंत जवाब दिया कि फिर ऐसे तो आपके 1000 जोक्स में से 500 जोक्स सारकाज्म होते हैं, इसका मतलब ये है कि आप बद्तमीजी करते हैं. यह सुनकर कीकू शारदा का पारा और भी चढ़ गया और उन्होंने सीधे आदित्य से पूछा, 'प्रोफेशन पर जाना है फिर?'वहीं दूसरी तरफ शो में सिर्फ कीकू ही नहीं, बल्कि अर्जुन बिजलानी और आदित्य नारायण भी आपस में भिड़ते दिखे. बेसमेंट में मौजूद अर्जुन ने आदित्य से कहा कि वह गलत के खिलाफ कभी स्टैंड नहीं लेते. इस बात पर आदित्य भड़क गए और उन्होंने अर्जुन को पलटकर जवाब दिया. उन्होंने कहा कि जब अर्जुन पेंटहाउस में थे, तब उनकी ये आवाज कहां थी.

# योगी बायोपिक या निशानची किसका पलड़ा भारी?

बॉक्स ऑफिस के मैदान पर 2025 सितंबर के तीसरे हफ्ते 3 नामी फिल्में रिलीज हुई हैं. लेकिन जहां एक तरफ अक्षय कुमार की जॉली एलएलबी 3 ने अकेले ही मैदान घेरा हुआ है वहीं दूसरी तरफ बाकी की फिल्मों को अच्छी कमाई करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ रहा है. इन फिल्मों में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की बायोपिक फिल्म अजय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ आ योगी का नाम भी शामिल है. वहीं इसके मुकाबले में बॉलीवुड डायरेक्टर अनुराग कश्यप की फिल्म निशानची है. आइए जानते हैं कि रिलीज के दो दिनों में दोनों में से किस फिल्म ने बाजी मारी है और दोनों फिल्मों का कलेक्शन कितना रहा है. फिल्ममेकिंग के अपने शानदार क्राफ्ट की वजह से मशहूर डायरेक्टर-एक्टर अनुराग कश्यप अपनी लेटेस्ट फिल्म निशानची के साथ हाजिर हैं. इस फिल्म का कलेक्शन भी कुछ खास नहीं जा रहा है. फिल्म ने ओपनिंग डे पर 25 लाख रुपए कमाए थे. वहीं दूसरे दिन इसका कलेक्शन 30 लाख रुपए का ही रहा है. इस लिहाज से देखा जाए तो दो दिनों में इस फिल्म ने 55 लाख रुपए कमाए हैं.

# अभिज्ञान कुंदू की फिफ्टी से भारत अंडर19 की धमाकेदार जीत

**नई दिल्ली.** भारत की अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया दौरे की शानदार शुरुआत की है. टीम इंडिया ने पहले यूथ वनडे मैच में मेजबान टीम को 117 गेंद शेष रहते 7 विकेट से हरा दिया. इस दौरान भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंदू ने शानदार बल्लेबाजी की और टीम को जिताकर ही दम लिया. इस दौरान उन्होंने शानदार फिफ्टी ठोकते हुए टीम के दिग्गज सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को पीछे छोड़ दिया. अभिज्ञान का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ये दूसरी फिफ्टी है.

**कौन हैं अभिज्ञान कुंदू?**

साल 2008 में जन्में बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने बहुत ही कम एज में अपनी पहचान बना ली. कुंडू के पिता क्रिकेट के बहुत बड़े फैन हैं, इसलिए उन्होंने अभिज्ञान को भी क्रिकेटर बनाने का सपना देखा. इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 8 साल की एज से क्रिकेट खेलना शुरू किया और जल्द की मुंबई की अंडर-14 टीम में जगह बना ली. उनके बचपन के कोच का दावा है अभिज्ञान ने अपने करियर में अभी तक 50 लाख गेंदों का सामना किया है. इस दौरान उन्होंने 24,500 रन बनाए और 122 शतक जड़े हैं. उन्होंने अपने स्कूल में एक ही सीजन में 1000 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने थे. इसके बाद अंडर-16 नेशनल्स में अपनी स्टेट टीम को जीत दिलाई. इसके बाद उनका चयन मुंबई की अंडर-19 टीम में होगा, जहां उनको टीम की कप्तानी सौंपी गई. इस दौरान उन्होंने केवल 15 साल की एज में पहला शतक ठोका. उनका मुंबई की ओर से 175 रनों की शानदार पारी खेली, जो उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है.



**इंग्लैंड में ठोकी तीन फिफ्टी**

उन्होंने इस शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत की अंडर-19 टीम में जगह बनाई. पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने पहली फिफ्टी ठोकी थी. इसके बाद इस साल इंग्लैंड दौरे पर वनडे में तो वो कुछ कमाल नहीं कर पाए, लेकिन टेस्ट में उन्होंने शानदार पारी खेली और लगातार तीन अर्धशतक ठोक दिये.

अब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में 74 गेंदों में 5 छक्के और 8 चौके की मदद से नाबाद 87 रनों की पारी खेली और टीम को शानदार जीत दिलाई.

इस मैच में सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 22 गेंदों में 7 चौके और 1 छक्का की मदद से 38 रन बनाए. इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया-ए की टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 225 रन बनाए. जवाब में टीम इंडिया ने 30.3 ओवर में 3 विकेट खोकर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया.

# शान मसूद के घर मातम, अंकल का निधन

**नई दिल्ली.** एक ओर जहां पाकिस्तान की टीम एशिया कप में टीम इंडिया से भिड़ने वाली है वहीं दूसरी ओर इस टीम के टेस्ट कप्तान शान मसूद के घर में मातम पसरा हुआ है. शान मसूद के अंकल की मौत हो गई है, जिसका खुलासा उन्होंने सोशल मीडिया पर किया. शान मसूद ने बताया कि उन्होंने उनके सबसे प्यारे हर दिल अजीज अंकल को खो दिया है. उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर अपने पिता तुल्य अंकल को श्रद्धांजलि दी. मसूद ने बताया कि उनके जीवन में अंकल डॉक्टर वकार मसूद खान की कितनी अहमियत थी.

शान मसूद ने अपने अंकल को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, 'अब्बा जान आप हमारे परिवार की आत्मा थे. आप मेरे रोल मॉडल थे. मैंने अपनी जीवन में आपके जैसा इंसान नहीं देखा. आपने मुझे अपने बेटे की तरह पाला. आपको अलविदा कहना मेरे जीवन में सबसे मुश्किल पल है. मेरे अंकल डॉक्टर वकार मकसूद को अपनी दुआओं में याद कीजिए.



अल्लाह उनकी रूह को शांति दे.'

**शान मसूद का हाल है खराब**

शान मसूद का करियर इस वक्त ढलान पर है. उन्हें पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में ग्रेड डी में ढकेल दिया है. टेस्ट कप्तान होने के बावजूद उनके साथ ऐसा व्यवहार किया गया है. हालांकि सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में डिमोशन की असली वजह उनका खराब प्रदर्शन ही है. ये खिलाडी 42 टेस्ट में 30.12 की औसत से 2380 रन ही बना सका है. शान मसूद ने 9 वनडे खेले हैं जिसमें उनके बल्ले से सिर्फ 163 रन निकले हैं. टी20 में उन्होंने 19 मैचों में 30.38 की औसत से 395 रन बनाए हैं. शान मसूद फिलहाल इंग्लैंड में हैं वो लीस्टरशर के लिए कमाल बैटिंग कर रहे हैं. मसूद ने पिछली पांच पारियों में एक शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं. दोनों अर्धशतकों में वो शतक के बेहद करीब आकर आउट हुए हैं.

# ऋषभ पंत की वापसी टली, 10 मैचों से बाहर

**नई दिल्ली.** टीम इंडिया में ऋषभ पंत की वापसी का इंतजार बढ़ गया है. ऐसा उनकी इंजरी को लेकर आए नए अपडेट के बाद हुआ है. बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान पैर में फ्रैक्चर हो गया था, जिसके बाद उन्हें 3 से 4 हफ्ते के लिए क्रिकेट से दूर होना पड़ा था. ऐसा माना जा रहा था कि पंत वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से टीम में वापसी कर लेंगे. लेकिन, अब खबर है कि कैरेबियाई टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज के 2 मुकाबलों समेत वो अभी पूरे 10 मुकाबले टीम इंडिया के लिए नहीं खेलने वाले.

**ये 10 मैच भी नहीं खेलेंगे ऋषभ पंत!**

अब सवाल है कि वो 10 मुकाबले हैं कौन, जिनसे ऋषभ पंत बाहर रह सकते हैं? इसमें वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के 2 मुकाबलों के अलावा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेली जाने वाली व्हाइट बॉल सीरीज के 8 मुकाबले भी शामिल हैं, जिसमें 5 टी20I और 3 वनडे शामिल हैं.

रिपोर्ट्स के मुताबिक ऋषभ पंत अभी 100 प्रतिशत फिट नहीं हैं और उसी के चलते उनका सिलेक्शन ना तो वेस्टइंडीज और ना ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए हो सकता है.

वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के लिए उपलब्ध नहीं पंत- रिपोर्ट

भारत को वेस्टइंडीज से टेस्ट सीरीज के 2 मुकाबले 2 अक्टूबर से 14 अक्टूबर के बीच खेलने हैं. वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज की शुरुआत 19 अक्टूबर से होगी और ये 8 नवंबर को खत्म होगी. ऐसी खबर है कि इन दोनों सीरीज के लिए ऋषभ पंत की उपलब्धता तय नहीं है. बीसीसीआई के सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट्स में



बताया गया कि उनके पैर की सूजन अभी कम नहीं हुई है. साथ ही अभी उनके वाकिंग बूट्स के भी निकलने में थोड़ा वक्त है.

**ऋषभ पंत कब तक करेंगे वापसी?**

अब ऋषभ पंत वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में होने वाले कुल मिलाकर 10 मुकाबलों में नहीं खेलेंगे तो फिर मैदान पर वापसी करेंगे कब तक? इस बारे में रिपोर्ट्स में बताया गया कि बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज की टीम इंडिया में साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज से वापसी हो सकती है.

ये सीरीज इस साल नवंबर में शुरू होनी है. भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 14 नवंबर से टेस्ट सीरीज की शुरुआत होगी. 2 टेस्ट की सीरीज का पहला मैच ईडन गार्डन्स पर होगा. जबकि दूसरा टेस्ट 22 नवंबर से गुवाहाटी में खेला जाएगा. टेस्ट के बाद 3 वनडे और 5 टी20I की सीरीज भी होगी. वनडे सीरीज के मुकाबले 30 नवंबर से 6 दिसंबर के बीच खेले जाएंगे. जबकि टी20 सीरीज के 5 मैच 9 दिसंबर से 19 दिसंबर तक खेले जाएंगे.

# चाइना मास्टर्स में भी चिराग-सात्विक उपविजेता

**नई दिल्ली.** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी को 15 दिन के अंदर दूसरी बार फाइनल में हार का मुंह देखना पड़ा. इससे पहले हांगकांग ओपन सुपर 500 के खिताबी मुकाबले में उनको हार का सामना करना पड़ा था. अब चाइना मास्टर्स बैडमिंटन 2025 में भी उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा. इस बार उनको दुनिया की नंबर-एक कोरियाई जोड़ी ने 45 मिनट में हार का स्वाद चखा दिया.

वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में दो बार ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी भारत की ये स्टार जोड़ी इस बार भी फाइनल का दबाव नहीं झेल पा रही है.चाइना मास्टर्स के मेंस डबल्स के फाइनल में सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन साउथ कोरिया की किम वोन हो और सियो सेउंग जे के खिलाफ कड़े मुकाबले में 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा. इस मुकाबले के पहले सेट में कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन कोरियाई जोड़ी ने भारतीय जोड़ी को कोई मौका नहीं दिया और पहला सेट 21-19 से अपने नाम कर लिया . दूसरे सेट में चिराग-सात्विक ने वापसी करने की कोशिश की, लेकिन कोरियाई जोड़ी के आगे उनकी एक नहीं चली और उन्हें लगातार दूसरे फाइनल में हार का सामना करना पड़ा. इसी महीने हुए हांगकांग ओपन के फाइनल में इस भारतीय जोड़ी को कड़ी टक्कर के बाद सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा. वर्ल्ड रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज इस सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने ओलंपिक सिल्वर मेडल विजेता चीनी जोड़ी लियांग वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया.